बुधवार, 20 अगस्त 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 30 |
| आर्द्रता | 93% |
| सूर्योदयः 5:15 | सूर्यास्तः 18:04 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : यदि तदनुसार आचरण नहीं किया तो केवल कहने या पढ़ने से क्या लाभ?



एशिया कप : भारतीय टीम में गिल बने उपकप्तान, बुमराह को मिला मौका लेकिन अय्यर चूके पृष्ठ 6

# भारत और चीन के बीच स्थिर, रचनात्मक संबंध वैश्विक शांति व समृद्धि में योगदान देंगे: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के दौरान चीन के साथ सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया तथा सीमा संबंधी मुद्दों के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने कहा कि भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आगामी शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने के लिए उत्सुक हैं। सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे वांग ने मोदी को शी की ओर से एक संदेश और एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए निमंत्रण सौंपा। भारत और चीन द्वारा पूर्वी लद्दाख में गतिरोध समाप्त करने पर सहमति जताए जाने के दो दिन बाद, मोदी और शी ने पिछले साल अक्टूबर में रूसी शहर कज़ान में मुलाकात की थी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने तथा सीमा विवाद को सुलझाने के लिए कई तंत्रों को बहाल करने पर सहमति व्यक्त की थी। वांग की यात्रा को दोनों पड़ोसियों द्वारा अपने संबंधों को फिर से सुधारने के प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच गंभीर तनाव पैदा हो गया था। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''विदेश मंत्री वांग यी से मिलकर खुशी हुई। पिछले वर्ष कज़ान में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी मुलाकात के बाद से भारत-चीन संबंधों में एक-दूसरे के हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के साथ निरंतर प्रगति हुई है।''



चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## मिलकर सुलझाएंगे सीमा विवाद

भारत और चीन सीमा विवाद सुलझाने पर सहमत हो गए हैं। इसे दोनों देशों के बीच संबंधों में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। सीमा निर्धारण को लेकर जल्द से जल्द समाधान को लेकर एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया जाएगा। साथ ही दोनों देश तीन व्यापार बिंदुओं के माध्यम से सीमा व्यापार को फिर से खोलने पर सहमत हो गए हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और चीन के बीच ठोस उपायों के माध्यम से व्यापार और निवेश प्रवाह को सुविधाजनक बनाने पर भी सहमति बनी है। साथ ही मैत्रीपूर्ण विचार विमर्श के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने और जल्द से जल्द चीनी मुख्य भूभाग और भारत के बीच सीधी उड़ान संपर्क बहाल करने पर भी बात बनी है।

## प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन जाएंगे: डोभाल

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने मंगलवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आगामी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे। सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता के नये संस्करण में टेलीविजन पर दिये अपने संबोधन में डोभाल ने भारत-चीन संबंधों में ''नयी ऊर्जा और गति'' के साथ-साथ सीमा पर शांति के महत्व को भी रेखांकित किया। डोभाल ने कहा कि सीमा पर शांति और सौहार्द बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अब और प्रगाढ़ हुए हैं।''

# प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री गंभीर मामलों में गिरफ्तारी पर छोड़ना होगा पद

## आज संसद में पेश होगा ऐतिहासिक बिल

**नयी दिल्ली :** सरकार गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार या हिरासत में लिये जाने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने का प्रावधान करने के लिए बुधवार को संसद में तीन विधेयक पेश करने की योजना बना रही है। ये विधेयक हैं: केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025; संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इन तीनों विधेयकों को संसद की एक संयुक्त समिति को भेजने के लिए लोकसभा में एक प्रस्ताव भी पेश करेंगे। केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 के उद्देश्यों और कारणों संबंधी बयान के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963(1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिये गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करने हेतु केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 की धारा 45 में संशोधन करने की आवश्यकता है। विधेयक उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास करता है। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, संविधान के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार और हिरासत में लिये गए मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री तथा राज्यों एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करने के मकसद से संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239एए में संशोधन की आवश्यकता है। विधेयक का उद्देश्य उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करना है। जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिये गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है इसलिए ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करने हेतु जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन की आवश्यकता है। विधेयक उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास करता है।

# बंगाल में मेडिकल में दाखिला प्रक्रिया स्थगित, संकट में फंसे हजारों छात्र

### ओबीसी सूची को लेकर कानूनी पेंच फंसने से काउंसलिंग अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची को लेकर कानूनी पेंच फंसने से चिकित्सा क्षेत्र में दाखिला प्रक्रिया प्रभावित हो गया है। बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर डेंटल समेत एमबीबीएस की प्रवेश प्रक्रिया में काउंसलिंग को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, ओबीसी से जुड़े मामले की जटिलता के कारण उन्हें यह निर्णय लेना पड़ा है। बता दें कि एमबीबीएस और बीडीएस यानी डेंटल की काउंसलिंग प्रक्रिया डेढ़ हफ्ते पहले शुरू हुई थी। प्रक्रिया का शुरुआती चरण यानी पसंदीदा शिक्षण संस्थानों के नाम जमा करने का काम रविवार की रात पूरा हो गया। जिसके आधार पर बुधवार को नतीजे घोषित होने थे। राज्य की 5,000 से ज्यादा सीटों के लिए 11,000 छात्रों को पहले ही चाइस इस फिलिंग या चाइस के आधार पर नाम जमा करने के लिए योग्य माना जा चुका है। लेकिन, इसी बीच, काउंसलिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। जिसके चलते, कुछ लोगों का मानना है कि इन 11,000 छात्रों के भविष्य को लेकर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। क्योंकि, मेडिकल छात्रों के लिए प्रवेश को लेकर वार्षिक परी-क्षाओं तक, स्वास्थ्य शिक्षा एनएमसी के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, देश भर में एक ही समय पर सब कुछ किया जाता है। लेकिन स्वास्थ्य भवन के इस फैसले से बंगाल के मेडिकल छात्र देश के अन्य राज्यों की तुलना में पूरी प्रक्रिया में अन्य राज्यों से पिछड़ जाएंगे। साथ ही, इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रतिभाशाली छात्रों का एक वर्ग राज्य से बाहर पलायन करने को मजबूर होंगे।

**कई परीक्षाओं के परिणाम नहीं हो पा रहे हैं घोषित**

एक ओर संयुक्त प्रवेश परीक्षा। दूसरी ओर नीट। इस समय ओबीसी सूची को लेकर अन्य महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षा के परिणामों को लेकर भी हजारों जटिलताएं हैं। हालांकि मेडिकल परीक्षाओं के मामले में परिणाम प्रकाशित हो चुके हैं, लेकिन राज्य में काउंसलिंग प्रक्रिया अंतिम समय में अटकी हुई थी। दूसरी ओर, राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा के परिणाम कब प्रकाशित होंगे, इस सवाल का जवाब अधर में है। ओबीसी जटिलताओं के कारण, सब कुछ अभी भी अंधेरे में है।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## मणिका विश्वकर्मा बनीं मिस इंडिया यूनिवर्स



**जयपुर :** राजस्थान के गंगानगर निवासी मणिका विश्वकर्मा ने मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम किया है और वह इस साल के अंत में थाईलैंड में होने वाली 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। विश्वकर्मा (22) ने 18 अगस्त को जयपुर के ज़ी स्टूडियो में आयोजित एक भव्य समारोह में यह खिताब अपने नाम किया। मंगलवार तड़के तक चले इस समारोह में विश्वकर्मा को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 रिया सिंघा ने ताज पहनाया। उत्तर प्रदेश की 22 वर्षीय तान्या शर्मा प्रथम उपविजेता रहीं और हरियाणा की 19 वर्षीय महक ढींगरा द्वितीय उपविजेता रहीं। हरियाणा की 23 वर्षीय अमीषी कौशिक और मणिपुर की 24 वर्षीय सारंगथेम निरुपमा क्रमशः तीसरी और चौथी उपविजेता रहीं। विश्वकर्मा ने मिस इंडिया यूनिवर्स खिताब जीतने का श्रेय अपने परिवार और समुदाय के निरंतर सहयोग को दिया।

## उपराष्ट्रपति चुनाव: राधाकृष्णन और रेड्डी में नौ सितंबर को होगा मुकाबला

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को होने वाले चुनाव में विपक्ष के साझा उम्मीदवार और उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन से होगा। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' इस चुनाव को वैचारिक लड़ाई बता रहा है क्योंकि संख्याबल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के पक्ष में है। उपराष्ट्रपति चुनाव 'दक्षिण बनाम दक्षिण' के मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि विपक्ष ने तेलंगाना से ताल्लुक रखने वाले रेड्डी को राधाकृष्णन के खिलाफ मैदान में उतारा है जिन्हें उनके शुभचिंतक 'पचाई तमिल' (सच्चा तमिल) कहते हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन (67) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान कोयंबटूर से दो बार लोकसभा सदस्य के रूप में कार्य किया और बाद में तमिलनाडु में पार्टी का नेतृत्व किया। जुलाई, 2011 में उच्चतम न्यायालय से सेवानिवृत्त हुए 79 वर्षीय रेड्डी एक वरिष्ठ न्यायविद हैं, जिन्हें काले धन के मामलों की जांच में ढिलाई बरतने के लिए तत्कालीन केंद्र सरकार की आलोचना वाले कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाना जाता है।

## इसरो अंतरिक्ष में 75 टन भार ले जाने के लिए 40 मंजिला ऊंचे रॉकेट पर काम कर रहा : नारायणन

**हैदराबाद :** इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी एक ऐसे रॉकेट पर काम कर रही है, जिसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत जितनी होगी और जो 75,000 किलोग्राम भार वाले 'पेल-ोड' को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने में सक्षम होगा। उस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में नारायणन ने कहा कि इस वर्ष इसरो ने कई महत्वपूर्ण मिशन तय किए हैं, जिनमें 'नेविगेशन विद इंडिया कॉन्स्टेलेशन सिस्टम' (एसए-वीआईसी) सैटेलाइट, एन1 रॉकेट और भारतीय रॉकेटों के जरिये अमेरिका के 6,500 किलोग्राम वजनी संचार उपग्रह को कक्षा में स्थापित करना शामिल है। उन्होंने कहा ''आप जानते हैं कि रॉकेट की क्षमता क्या है?'' उन्होंने कहा, ''डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा निर्मित पहला प्रक्षेपक 17 टन का था, जो केवल 35 किलोग्राम भार को निचली पृथ्वी कक्षा में स्थापित कर सकता था। आज हम 75,000 किलोग्राम भार ले जाने वाले रॉकेट की कल्पना कर रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत जितनी होगी।'' उन्होंने बताया कि इसरो इस वर्ष 'टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेशन सैटेलाइट' (टीडीएस) और जीसैट-7आर (भारतीय नौसेना के लिए विशेष संचार उपग्रह) सहित कई उपग्रहों का प्रक्षेपण करने जा रहा है। नारायणन ने कहा कि फिलहाल भारत के 55 उपग्रह अंतरिक्ष में सक्रिय हैं और आने वाले तीन से चार वर्षों में यह संख्या तीन गुना बढ़ाई जाएगी।



## मंत्रिमंडल ने कोटा-बूंदी में 1,507 करोड़ रुपये के खर्च से नए हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1,507 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक नए हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के इस फैसले की संवाददाताओं को जानकारी दी। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। वैष्णव ने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) इस परियोजना के लिए वित्त का इंतजाम आंतरिक स्रोतों से करेगा। हवाई अड्डे का निर्माण 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के लिए राजस्थान सरकार 1,089 एकड़ (करीब 440 हेक्टेयर) जमीन निःशुल्क उपलब्ध कराएगी।

## 26 हजार नौकरियां रद्द करने का फैसला बरकरार

### सुप्रीम कोर्ट ने की राज्य सहित विभिन्न पक्षों की पुनर्विचार याचिकाएं खारिज

**कोलकाता,समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट ने एसएससी शिक्षक भर्ती घोटाले में सख्त कदम उठाया है। 26,हजार एसएससी नौकरियों को रद्द करने के खिलाफ दायर सभी पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया है। राज्य और एसएससी की पुनर्विचार याचिकाएं भी खारिज कर दी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, शिक्षक भर्ती परीक्षा की वास्तविक ओएमआर शीट मेल नहीं खातीं। सीबीआई और बाग कमेटी की जांच के आधार पर यह स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार हुआ है। ज्ञात हो कि, बंगाल की ममता सरकार व स्कूल सेवा आयोग और बेरोजगारों के एक वर्ग समेत विभिन्न पक्षों ने 26,000 नौकरियों को रद्द करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की थी। 5 अगस्त को सुनवाई पूरी हुई। यह सुनवाई न्यायाधीशों के चैंबर में हुई। इस बार, दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि अदालत में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी।

## एनसीईआरटी ने कक्षा तीन से 12 तक के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष पाठ पेश किए

**नयी दिल्ली :** एनसीईआरटी ने कक्षा तीन से 12 तक के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दो विशेष पाठ पेश किए हैं। इनमें कहा गया है कि यह मिशन न केवल एक सैन्य अभियान था, बल्कि यह शांति की रक्षा करने और पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के सम्मान का वादा भी है। पाठ्यक्रम में पूरक सामग्री के रूप में शामिल किए गए पाठ ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद आए हैं। इसमें से एक पाठ में कहा गया है, ''भारत ने सात मई, 2025 को पाकिस्तान और इसके अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइलों और हवाई हमलों की शुरुआत की। अंत में चुने गए और अनुमोदित नौ लक्ष्यों में से सात आतंकी शिविरों को भारतीय थलसेना ने नष्ट कर दिया, जबकि भारतीय वायुसेना ने मुरीदके और बहावलपुर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जो लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्य केंद्र थे।'' राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने सरकार के इस रुख को दोहराया है कि भारत ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी असैन्य नागरिक को नुकसान न पहुंचे। इसने कहा, ''प्रत्येक लक्ष्य की दोबारा पड़ताल की गई। केवल आतंकवादी ठिकानों पर ही हमला किया गया। इस ऑपरेशन से पता चला कि भारत आतंकी सरगनाओं को सजा से बचने नहीं देगा।''

# ऑनलाइन सट्टेबाजी अब दंडनीय अपराध, गेमिंग बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

### आज संसद में हो सकता पेश

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को मंजूरी दे दी। इसमें धन से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग या इसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान के साथ इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान किया गया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इसमें ऐसे खेलों को ई-स्पोर्ट्स या ऑनलाइन सोशल गेम्स से अलग किया गया है। इसे बुधवार को संसद में पेश किये जाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा कि साथ ही, विधेयक ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देने का आह्वान करता है। यह स्वीकार करता है कि ई-स्पोर्ट्स को औपचारिक मान्यता भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धी गेमिंग परिदृश्य में शामिल होने, नवोन्मेष को बढ़ावा देने, भारतीय स्टार्टअप परिवेश के लिए अवसर पैदा करने और देश को खेल विकास के लिए एक वैश्विक महाशक्ति बनाने में सक्षम बनाएगी। विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित उल्लंघन के लिए बार-बार अपराध करने पर कठोर कारावास (3-5 साल) के साथ-साथ जुर्माना भी हो सकता है। सूत्र ने कहा कि हालांकि, किसी भी उत्पीड़न से बचने के लिए, विधेयक धन से जुड़े ऑनलाइन गेम खेलने वाले किसी भी व्यक्ति को अपराधी नहीं बनाता है। इसके पीछे सोच उन्हें अपराध करने वालों के बजाय पीड़ितों के रूप में मानना है। साथ ही, यह विधेयक उन लोगों पर नकेल कसता है जो इसे बढ़ावा देते हैं।



## डीआरआई ने आंध्र प्रदेश में 24 करोड़ रुपये मूल्य का 119 किलोग्राम अल्प्राजोलम जब्त किया, आठ गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने आंध्र प्रदेश में एक गुप्त विनिर्माण संयंत्र से 24 करोड़ रुपये मूल्य की 119.4 किलोग्राम अल्प्र-ाजोलम दवा जब्त की है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। हैदराबाद, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा और काकीनाडा के राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने एक अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप 119.4 किलोग्राम अल्प्राजोलम जब्त किया गया। इसकी अवैध बाजार में कीमत लगभग 23.88 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही इससे जुड़ी 87.8 किलोग्राम सामग्री भी जब्त की गई। बयान में कहा गया है कि डीआरआई अधिकारियों ने अल्प्राजोलम के अवैध निर्माण और वितरण में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार भी किया, जिनमें मास्टरमाइंड, केमिस्ट, फाइनेंसर और खरीदार शामिल हैं।




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

**Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars** **Toll Free No. 1800 889 1704**

## विकास व पर्यावरण संरक्षण में हो संतुलन

इसमें दो राय नहीं कि मानव जीवन की सुविधा के लिये बना प्लास्टिक आज हमारी धरती के लिये ही घातक साबित हो रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्लास्टिक हमारे ग्रह का दम घोंट रहा है। निस्संदेह, इसको नष्ट करना बेहद कठिन है क्योंकि धरती में दबाएं तो भूमि की उर्वरता पर संकट आता है। इसको जलाएं तो विषैली गैसों से वातावरण प्रदूषित होता है। ये जल्दी से गलता भी नहीं है। अब तो महानगरों व शहरों की जलनिकासी को प्लास्टिक गहरे तक बाधित कर रहा है। यहां तक कि प्लास्टिक के बारीक कण मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। प्लास्टिक समुद्र में जा रहा है तो मछलियों को जहरीला बना रहा है। नदी, पहाड़ और मैदान सब प्लास्टिक कचरे के आगोश में हैं। लेकिन सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि भयावह संकट के बावजूद इससे निबटने के उपायों को लेकर वैश्विक सहमति नहीं बन पा रही है। वैश्विक प्लास्टिक संधि पर जिनेवा वार्ता विफल होने से इस बाबत वैश्विक विभाजन पूरी तरह उजागर हो गया है। दरअसल, लगभग सत्तर देशों का एक उच्च महत्वाकांक्षी समूह, जो प्लास्टिक पर वैश्विक सीमा और खतरनाक रसायनों पर नियंत्रण की मांग कर रहा है, अब तेल व पेट्रोकेमिकल उत्पादक एक समूह के खिलाफ खड़ा है, जो रीसाइक्लिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वैच्छिक प्रतिबद्धताओं को दर्शा रहे हैं। इस समूह में भारत भी शामिल है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक होने का दर्जा दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन में लगभग बीस फीसदी हिस्सा भारत का है। भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि इस दौरान चरणबद्ध समाप्ति की समय सीमा वाले उत्पादों या रसायनों की कोई वैश्विक सूची नहीं होनी चाहिए। भारत की दलील तार्किक है कि विभिन्न देशों की राष्ट्रीय परिस्थितियों और क्षमताओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए। विडंबना यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पेट्रोकेमिकल क्षेत्र, माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण का भी एक प्रमुख स्रोत है।

लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि इस तरह के प्रदूषण का पारिस्थितिकीय तंत्र, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। खासकर हमारे शरीर पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से यह एक हकीकत है कि औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन साधना एक टेढ़ी खीर है। लेकिन इसके बावजूद इस दिशा में सार्थक प्रयास करने जरूरी हैं। इस संकट से मुकाबला करने के लिये भारत को समान विचारधारा व परिस्थितियों वाले चीन, रूस और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ मिलकर काम करना होगा। बहुत संभव है कि प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय कानून बाध्यकारी साधन के रूप में कारगर सिद्ध हो सके, लेकिन इससे लोगों और पर्यावरण के प्रति सरकारों की जिम्मेदारी कम नहीं हो सकती। बहुत संभव है कि प्रदूषणकारी उद्योगों पर कार्रवाई कड़ा संदेश दे सकती है। वहीं दूसरी ओर भारत सरकार को पहचाने गए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध की प्रभावशीलता और उसके प्रवर्तन में कमियों का भी गंभीरता से आकलन करना चाहिए। इसके लिये जनजागरण अभियान चलाने की भी जरूरत है ताकि लोग प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के प्रति उत्साह दिखाएं। अंतत: सभी प्रमुख हितधारकों - केंद्र सरकार व राज्यों की सरकारें, जनता, उद्योग जगत को देश में प्लास्टिक के खतरनाक स्तर को कम करने में मदद करने के लिये आगे आना होगा। हमें ध्यान रखना होगा कि भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का सपना पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को अपनाए बिना पूरा नहीं हो सकता। यह हमारे पर्यावरण संरक्षण के अलावा नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा भी है। लोगों को समझना होगा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प अपनाने में उनका ही लाभ है। हम बाजार से सामान लाने में प्लास्टिक के थैलियों के इस्तेमाल के बजाय कपड़े या अन्य वैकल्पिक साधनों को अपनाएं। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में भी प्लास्टिक संकट को एक विषय के रूप में अपनाना होगा। ताकि देश की भावी पीढ़ी प्लास्टिक के खतरों से अवगत हो। हमारी साझी पहल ही रंग ला सकती है।

# अगले लोकसभा चुनाव में हम राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएंगे: तेजस्वी



**नवादा (बिहार) :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को बिहार के लोगों का आह्वान किया कि अगले लोकसभा चुनाव में वे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएं। नवादा में कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन एक रैली को संबोधित करते हुए यादव ने युवाओं से इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'बिहार में राजग सरकार को उखाड़ फेंकना है। आगे जब भी लोकसभा चुनाव होगा, हम लोग राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।' यादव ने यहां 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान राहुल गांधी की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। गांधी के साथ यादव और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य नेता भी यात्रा में शामिल हुए। एक पखवाड़े की यह यात्रा रविवार को शुरू हुई थी। इस राज्यव्यापी यात्रा को शुरू करने वाले गांधी को राजद नेता ने ऐसा व्यक्ति बताया जिसने 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रातों की नींद हराम' कर दी है। भीड़ की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच यादव ने कहा, 'आगामी विधानसभा चुनाव में हमें राज्य में राजग की 20 साल की 'खटारा सरकार' को उखाड़ फेंकना है और आगे जब भी लोकसभा चुनाव होगा हम लोग राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।' खुले वाहन के ऊपर हाथ में माइक लिए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'नए बिहार के लिए हमारे पास नजरिया है।' इस वाहन में राहुल गांधी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष मुकेश सहनी और कांग्रेस की बिहार इकाई के प्रमुख राजेश कुमार भी सवार थे। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमारे चाचा (नीतीश कुमार) अब अचेत अवस्था में हैं और उनसे अब बिहार संभल नहीं रहा है। उनकी सरकार नकलची बन गई है। मैंने मुफ्त बिजली, अधिवास नीति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी और युवा आयोग की स्थापना का वादा किया था।' उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार ने इन्हें नयी योजनाओं के रूप में पेश किया।

## वोट खत्म हुआ तो राशनकार्ड, जमीन, सब कुछ चला जाएगा : राहुल ने बिहार के लोगों से कहा



**नवादा/नालंदा :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी वोटर अधिकार यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को निर्वाचन आयोग और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वोट चोरी में साझेदार होने का आरोप लगाया और लोगों से कहा कि अगर मतदाता सूची से नाम कट गया तो राशनकार्ड, जमीन तथा सब कुछ चला जाएगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि बिहार के पिछले विधानसभा चुनाव में चोरी की गयी थी और इसकी सच्चाई एक दिन बाहर आएगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने फिर दोहराया कि केंद्र और बिहार में कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकार बनने पर निर्वाचन आयोग के मौजूदा अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, आयोग के लोग याद रखें- हमारी सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर करेगी। तीसरे दिन की यात्रा गयाजी के वजीरगंज से शुरू हुई और नवादा में दाखिल हुई। इसके बाद यह यात्रा शेखपुरा होते हुए नालंदा पहुंची जहां आज की यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में बुधवार को अवकाश का दिन है और यह बृहस्पतिवार को नालंदा से शुरू होगी। राहुल गांधी ने शेखपुरा में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राहुल गांधी ने मंगलवार शाम नालंदा में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, बिहार के युवा वोट चोरी नहीं होने देंगे। वोट हम सबका अधिकार है। आज के हिंदुस्तान में गरीबों के पास सिर्फ वोट बचा हुआ है।

## आदिवासियों की जमीन 'हड़प' रही है झारखंड सरकार : चंपई सोरेन

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार आदिवासियों की जमीन हड़प रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता चंपई सोरेन ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रस्तावित 1,000 करोड़ रुपये की रिम्स-2 अस्पताल परियोजना के लिए रांची के नागरी क्षेत्र में जबरन भूमि अधिग्रहण किया गया है। चंपई ने आरोप लगाया, 'मैंने 24 अगस्त को किसानों द्वारा किए जा रहे 'हल जोतो, रोपा रोपो' (खेत जोतो, पौधे लगाओ) विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया है। इन किसानों की जमीन सरकार द्वारा जबरदस्ती अधिग्रहित की गई थी। किसानों को अपनी जमीन पर बाड़ लगाकर खेती करने से रोक दिया गया।' उन्होंने दावा किया कि जमीन



के मालिकों को न तो अधिग्रहण का नोटिस दिया गया और न ही मुआवजा दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'सरकार जमीन का दस्तावेज दिखाने को भी तैयार नहीं है। मैं अस्पताल परियोजना के खिलाफ नहीं हूं। रांची में कई एकड़ बंजर या अप्रयुक्त जमीन है जहां अस्पताल बनाया जा सकता है।' चंपई ने दावा किया कि इस मामले में भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013, छोटानागपुर काश्तकारी (सीएनटी) अधिनियम और ग्राम सभा नियमों का पालन नहीं किया गया है। चंपई ने आरोप लगाया कि राज्य में आदिवासियों पर 'हमला' हो रहा है। उन्होंने कहा, 'उनकी जमीनें छीनी जा रही हैं और अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे आदिवासियों की हत्या की जा रही है। कई विधानसभा चुनाव लड़ चुके और बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने वाले सूर्या हांसदा को गिरफ्तार कर एक मुठभेड़ में मार दिया गया क्योंकि वह एक आदिवासी थे।'

### मऊ में अवैध धर्म परिवर्तन के प्रयास में दो गिरफ्तार

**मऊ (उप्र) :** मऊ ज़िले में पुलिस ने एक व्यक्ति पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव डालने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को जिले के निवासी आकाश कुमार ने श्याम कुमार राजभर और रविशंकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया, करीब दो महीने पहले, रविशंकर और श्याम कुमार राजभर मुझे लालच देकर और पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बना रहे थे। जब मैंने मना कर दिया, तो उन्होंने मुझे सलाहाबाद के पास एक प्रार्थना सभा में आने के लिए कहा। उसने दावा किया, जब मैं मौके पर पहुंचा, तो मैंने देखा कि लगभग 60-70 लोग वहां आए हुए थे, जिनको बहलाया फुसलाया जा रहा था और उनका धर्म परिवर्तन करने की कोशिश की जा रही थी।

## राम मंदिर का निर्माण 'टाइम-लैप्स' कैमरों में रिकॉर्ड किया गया

**अयोध्या (उत्तर प्रदेश) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पांच अगस्त 2020 को आधारशिला रखे जाने के बाद शुरू हुए राम मंदिर निर्माण की पूरी प्रक्रिया को स्थल पर लगाए गए पांच 'टाइम-लैप्स' कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'टाइम-लैप्स' कैमरा एक ऐसा कैमरा होता है जो किसी घटना या दृश्य की तस्वीरें बहुत धीरे-धीरे (जैसे हर कुछ सेकंड, मिनट या घंटों में) खींचता है और फिर उन तस्वीरों को जोड़कर एक वीडियो बनाता है। निर्माण पूरा होने तक की पूरी यात्रा को रिकॉर्ड करने के लिए कैमरे लगाने वाले राम मंदिर न्यास ने इन रिकॉर्डिंग को 'बौद्धिक संपदा अधिकार' घोषित कर दिया है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इन्हें एक समझौते के तहत केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की को दिए जाएंगे, ताकि इस सामग्री का इस्तेमाल पढ़ाई, प्रशिक्षण और मंदिर के निर्माण पर वृत्तचित्र बनाने के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा, 'इसमें खुदाई और मिट्टी परीक्षण से लेकर प्रस्तावों और चरणबद्ध निर्माण तक, हर चीज का दस्तावेजीकरण किया जाएगा।' मिश्रा ने बताया कि समीक्षा के दौरान मंदिर की अस्थायी प्रतिकृति और ग्रेनाइट स्तंभ की डिजाइन पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया, 'निर्माण कार्य की गति को देखते हुए, अनुमान है कि अधिकांश कार्य अक्टूबर के अंत तक पूरा हो जाएगा।'

### राजस्थान में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा

**जयपुर :** राजस्थान में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार अभियान के तहत 10 करोड़ 21 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उन्हें इसके लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'हरियालो राजस्थान' के तहत पोस्टर का विमोचन भी किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने राजस्थान को हरा-भरा बनाने का संकल्प किया है। उन्होंने कहा, इसके तहत राज्य सरकार ने पिछले साल हरियाली तीज के पर्व पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत 'हरियालो राजस्थान' की शुरुआत की।

## 'चिवनिंग-यूपी छात्रवृत्ति योजना' शुरू, अब ब्रिटेन में पढ़ सकेंगे यूपी के छात्र

**लखनऊ :** ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा का सपना पूरा करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार और ब्रिटेन के 'द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस' (एफसीडीओ) के बीच मंगलवार को हुए एक ऐतिहासिक समझौते के तहत 'चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना' शुरू की गई है। इस योजना के तहत हर साल प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उनके सरकारी आवास पर इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और युवाओं को वैश्विक स्तर पर नेतृत्व की भूमिका के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा, इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, इस छात्रवृत्ति में पूर्ण शिक्षण शुल्क, परीक्षा व शोध शुल्क, रहने-खाने का भत्ता तथा ब्रिटेन तक आने-जाने का हवाई किराया शामिल रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रति छात्र लगभग 45 से 48 लाख रुपये का खर्च आएगा।

## प्रदेश का पहला राज्य होटल प्रबंधन संस्थान दो महीने में बनकर तैयार हो जाएगा: उप्र सरकार

**गोरखपुर,(उप्र) : उत्तर** प्रदेश का पहला 'राज्य होटल प्रबंधन संस्थान' (स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट) दो माह में बनकर तैयार हो जाएगा। उप्र सरकार ने मंगलवार को बयान जारी करके यह जानकारी दी। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उप्र सरकार द्वारा गोरखपुर में 48.39 करोड़ रुपये की लागत से बनवाए जा रहे 'राज्य होटल प्रबंधन संस्थान' (एसआईएचएम) के पहले चरण का 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। पर्यटन विभाग द्वारा सितंबर के अंत तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बयान के मुताबिक, पर्यटन अधिकारियों ने कहा है कि हाल के वर्षों में गोरखपुर में आतिथ्य क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है, जहां कई मशहूर होटल और रेस्तरां पहले से ही



संचालित किए जा रहे हैं और कई अन्य खुलने वाले हैं। बयान में कहा गया है कि प्रशिक्षित पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गृह जिले में एसआईएचएम की स्थापना की घोषणा की थी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव मिश्रा ने कहा कि 'स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट' का निर्माण कार्य सितंबर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले माह के बाद कभी भी इसका लोकार्पण हो सकता है। पहले चरण के काम में प्रशासनिक कार्यालय, कक्षाएं, एक कॉमन हॉल, रसोई सुविधाएं, भूमिगत पार्किंग, विद्युतीकरण, अग्नि सुरक्षा और पाइपलाइन से जुड़े कार्य शामिल हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 अगस्त, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष द्वादशी, 14:01 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 24:26 तक, योग : सिद्धि, 18:10 तक, सूर्योदय: 5:15, सूर्यास्त: 18:06, चन्द्रोदय : 02:00, चन्द्रास्त: 16:07, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 11:39 से 13:14

## राशिफल

**मेष :** दिन मिश्रित परिणामों से भरे रहेगा। व्यापार के सिलसिले में यात्रा करने से सामान्य लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे में अभी के लिए आप इन्हें टाल भी सकते हैं।

**वृष :** कार्यक्षेत्र में किसी अधिकारी से अनबन होने की संभावना है। वहीं, व्यापार के क्षेत्र में भी किसी व्यापारी से बहस हो सकती है। ऐसे में समझदारी और धैर्य के साथ कोई भी फैसला लेना होगा।

**मिथुन :** राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ रुकावटों और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना बेहतर होगा। मन थोड़ा परेशान रह सकता है।

**कर्क :** भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और व्यापार में सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा, जिससे आपके कई महत्वपूर्ण काम आसानी से पूरे हो सकते हैं। नौकरी करने वालों को उन्नति प्राप्त होने की संभावना है।

**सिंह :** कारोबार और नौकरी के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कामकाज को लेकर सावधान रहना होगा और सोच-समझकर फैसले लेने से लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कन्या :** आपका दिन बेहद शुभ रहने वाला है और उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के योग भी बन रहे हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपको कुछ नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**तुला :** आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। सांसारिक सुख के साधनों में बढ़ोतरी होने के भी योग हैं और व्यवसाय के मामले में किए गए प्रयासों से उत्तम लाभ प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** आपका ज्यादा समय दूसरों की सहायता करने में बीत सकता है, जिससे आपको संतुष्टि भी प्राप्त होगी। व्यापार के मामले में भी दिन अच्छा रहेगा और लाभ कमाने के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में आपके आसपास विपरीत वातावरण उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में शांति और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। अपनी मधुर वाणी और व्यवहार से आप स्थिति को सामान्य बना सकते हैं।

**मकर :** व्यापार में आपको किसी नई डील से अचानक धन लाभ प्राप्त हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन कुछ मामलों में आपको समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है।

**कुम्भ :** आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन बेहद खुश रहेगा। आर्थिक मामलों में भी दिन बेहतरीन रहने वाला है और बड़ी मात्रा में धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** युवा वर्ग के लिए दिन अच्छा रहेगा। अगर आपने अभी अपने करियर की शुरुआत की है तो कार्यस्थल पर आपको अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

## इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की पोस्ट पर 'मेटा' के अलर्ट के बाद पुलिस ने युवक को बचाया

**कौशाम्बी (उप्र) :** कौशाम्बी जिले में 'इंस्टाग्राम' पर जहर खाकर आत्महत्या करने संबंधी पोस्ट डालने वाले 20 वर्षीय युवक को पुलिस ने 'मेटा' से अलर्ट मिलने के बाद समय रहते बचा लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिपरी थाना अंतर्गत औधन गांव निवासी वेद कुमार पाल ने 18 अगस्त को एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें ज़हर की एक शीशी दिखाई दे रही थी और शीर्षक लिखा था, आज रात मैं यह ज़हर पी लूंगा और मेरी कहानी यहीं खत्म होगी। 'मेटा' ने इस पोस्ट को 'फ़्लैग' किया और वीडियो, मोबाइल नंबर और लोकेशन की जानकारी लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के साथ साझा की। इसके बाद यह जानकारी कौशाम्बी पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ को दी गई, जिसने पिपरी थाने को सूचित किया। 'मेटा' सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' व 'फेसबुक' की मूल कंपनी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पुलिस की एक टीम युवक के घर पहुंची और उसे समय रहते बचा लिया। उसकी काउंसलिंग की गई और बाद में उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया।

## बिहार मंत्रिमंडल ने भर्ती परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 100 रुपये के शुल्क को मंजूरी दी

**पटना :** बिहार मंत्रिमंडल ने राज्य में सभी भर्ती परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 100 रुपये के एकसमान शुल्क के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस साल के अंत में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों से पहले यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया कि प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले और मुख्य परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों से कोई शुल्क




नहीं लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर इस संबंध में सरकार की योजनाओं की घोषणा की थी। राज्य सरकार की भर्ती प्रक्रिया बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग और केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड आदि द्वारा संचालित की जाती है। राज्य मंत्रिमंडल ने नालंदा के राजगीर शहर में पांच सितारा दो होटल और वैशाली में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत पांच सितारा एक रिजॉर्ट के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

## वर्ग पहेली नं. 3182

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | | ■ | 11 | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ | |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | 19 | 20 | ■ |
| 21 | | ■ | 22 | | | ■ | 23 | | 24 |
| | ■ | 25 | | | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | 28 | | ■ | | ■ | 29 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 30 | | | | ■ | 31 | |

**बायें से दायें :-** 1) ख़ौफ़नाक, 4) आश्चर्यजनक, 7) उथल-पुथल, 8) एक भाषा, 9) संस्था; अधिवेशन, 11) घड़ा, 13) सच्चाई, 15) आधा; चीर्णपर्णी वृक्ष, 16) ज़लज़ला, 18) स्वार्थी, 21) नमकीन, 22) तत्पर; कटिबद्ध; आतुर, 23) एक लंबोतरा मीठा कंद, 25) गुज़ारा, 26) ज़िंदा, 27) क़ालीन, 29) गीला, 30) मंडप, 31) मुक्त.

**ऊपर से नीचे :-** 1) मानसिक असंतोष, 2) पत्नी (बोलचाल); न तू न मैं; यह नहीं, 3) शपथपूर्वक, 4) वस्त्र टाँगने के लिए बँधी रस्सी या बाँस, 5) एक पालतू जानवर, 6) उकसाना, 10) बंधुत्व, 12) मिट्टी का बना बाल्टी जैसा पात्र जिसमें फूल-पौधे लगाए जाते हैं, 14) रुपया-पैसा, 16) अन्न और वस्त्र के कष्ट से पीडित, 17) रणांगण, 19) चौबीसों घंटे, 20) वस्तु, 22) आशा; इच्छा; भरोसा, 24) एक फल, 25) अवशिष्ट, 26) हराना, 28) एक फल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | जू | बा | ■ | कं | ■ | ना | जा | य | ज़ |
| रा | ■ | प | रि | चा | रि | का | ■ | क्री | ■ |
| ज | ब | ■ | श्व | ■ | श्ता | ■ | स | न | की |
| क | र | ■ | त | ब | ■ | म | ही | न | ■ |
| ता | क | त | ■ | रा | ह | त | ■ | ■ | अं |
| ■ | त | र | क़ी | ब | ■ | भि | खा | मं | गा |
| मुं | ■ | ती | ■ | र | ■ | न्न | ■ | ■ | रा |
| ब | र | ब | स | ■ | प | ता | कि | नी | ■ |
| ई | ■ | ■ | भी | त | री | ■ | लो | च | न |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | 1 | | |
| | 7 | | | | 8 | 6 | 4 | |
| 1 | | | 2 | | | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| | | | 5 | | | 3 | 7 | |
| 8 | | 3 | | 2 | | 4 | | |
| | | 4 | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | | 1 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3138 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 8 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 2 |

# राज्यपाल ने राज्य के प्रवासी श्रमिकों के लिए सुधारों का किया प्रस्ताव



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के बाहर कथित रूप से प्रताड़ित किए जा रहे राज्य के प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एक योजना की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद, राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने इन श्रमिकों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए कुछ सिफारिशें पेश की हैं। राजभवन के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों को भेजी गई ये सिफारिशें उन राज्यों में शोषण की कथित घटनाओं, सामाजिक सुरक्षा के अभाव और कई बंगाली प्रवासी कामगारों के खराब जीवन स्तर को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई हैं जहां वे काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बोस ने केंद्र को भेजी अपनी सिफारिशों में 'पश्चिम बंगाल प्रवासी श्रमिक पंजीकरण पोर्टल'बनाने, अन्य राज्यों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने और प्रमुख प्रवासी केंद्रों में श्रम कल्याण अधिकारियों (एलडब्ल्यूओ) की नियुक्ति किए जाने पर जोर दिया है। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने प्रवासी मजदूरों के लिए किफायती छात्रावास बनाए जाने, 'एक परिवार एक राशन कार्ड' योजना के स्थान पर 'एक नागरिक एक राशन कार्ड' योजना शुरू किए जाने और उन जिलों में 'कौशल प्रशिक्षण केंद्र' स्थापित करने की सिफारिश की है जहां बड़ी संख्या में प्रवासी जाते हैं। बोस ने अनौपचारिक रूप से अर्जित कौशल के प्रमाणन की सुविधा, चौबीसों घंटे बहुभाषी हेल्पलाइन, कानूनी सहायता एवं मध्यस्थता सेवाओं की स्थापना और 'प्लेसमेंट (नौकरी दिलाने में मदद करने वाली) एजेंसियों' की विशेष निगरानी किए जाने की मांग की है। अधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित पश्चिम बंगाल प्रवासी श्रमिक पंजीकरण पोर्टल एक बहुभाषी, आधार से जुड़ा मंच होगा जिसे प्रवासी श्रमिकों के पंजीकरण और उन पर नजर रखने के लिए बनाया जाएगा। पंजीकरण के बाद, प्रत्येक श्रमिक को भौतिक और डिजिटल दोनों स्वरूपों में एक 'प्रवासी श्रमिक कार्ड' प्राप्त होगा, जो राज्यों में एक पहचान दस्तावेज के रूप में काम करेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्ड स्वास्थ्य सेवा, सूक्ष्म बीमा और बैंकिंग जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा, जिससे श्रमिकों की अनौपचारिक या शोषणकारी नेटवर्क पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार और महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, गुजरात एवं दिल्ली जैसे राज्यों के बीच औपचारिक समझौता ज्ञापनों संबंधी राज्यपाल का प्रस्ताव न्यूनतम वेतन की व्यवस्था करेगा तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा और शिकायत निवारण जैसे क्षेत्रों में जवाबदेही सुनिश्चित करेगा। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बोस की सिफारिशों की व्यापक प्रकृति पश्चिम बंगाल में प्रवासी श्रमिक नीति की अवधारणा में एक उल्लेखनीय बदलाव का प्रतीक है। नौकरशाह ने कहा कि हालांकि, इसका कार्यान्वयन राज्य और केंद्र सरकार के हाथों में है लेकिन अगर इन प्रस्तावों को अपनाया जाता है तो ये भारत के उन अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श बन सकते हैं जहां से प्रवासी अन्य राज्यों में जाते हैं।

## एसएससी परीक्षा को लेकर नवान्न में उच्चस्तरीय बैठक, मुख्य सचिव करेंगे समीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा**

स्कूल सर्विस कमीशन की लिखित परीक्षा को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए नवान्न में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित होने जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज पंत शुक्रवार को करेंगे।

बैठक में सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त जिला अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। बताया गया है कि आगामी 7 से 14 सितंबर के बीच नवम-दशम तथा एकादश-द्वादश स्तर की शिक्षक भर्ती परीक्षाएँ आयोजित होंगी। दोनों परीक्षाओं में इस साल लगभग 5 लाख 80 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे।

बैठक में एसएससी चेयरमैन और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। नवान्न की ओर से पहले ही सभी जिलों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश भेजे जा चुके हैं।

परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हर परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। साथ ही, परीक्षार्थियों की सुरक्षा और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए फ्रिस्किंग (जांच) की जिम्मेदारी जिला पुलिस को सौंपी जाएगी।

नवान्न सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार इस बार परीक्षा को लेकर कठोर निगरानी बरतने के मूड में है, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे।

## खेजुरी कांड : करंट से नहीं, पिटाई से हुई थी मौत

### दूसरे पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**कोलकाता :** खेजुरी में दो व्यक्तियों की रहस्यमय मौत मामले में एसएसकेएम अस्पताल की दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सनसनी फैला दी है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि दोनों की मौत करंट लगने से नहीं, बल्कि मारपीट और शारीरिक अत्याचार के कारण हुई थी।

इस रिपोर्ट को मंगलवार को कोलकाता हाईकोर्ट में पेश किया गया, जिसे देखकर न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने कड़ी नाराजगी जताई।

पहले मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया था कि मौत बिजली के झटके से हुई है। लेकिन न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की डिवीजन बेंच के आदेश पर एसएसकेएम में तीन डॉक्टरों की उपस्थिति में दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। इस रिपोर्ट में सामने आया कि मृतकों के शरीर पर कई चोटों के निशान थे और करंट लगने के कोई लक्षण नहीं मिले।



जस्टिस घोष ने सख्त टिप्पणी करते हुए सवाल किया, तो क्या पहली रिपोर्ट में सच को दबाया गया?। साथ ही पहली पोस्टमार्टम टीम की भूमिका पर भी संदेह जताया गया।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज और पुलिस के बीच सांठगांठ थी। इसलिए पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग उठाई गई है।

मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होगी। अब सबकी नजर इस पर है कि राज्य सरकार क्या रुख अपनाती है और अदालत आगे क्या कदम उठाती है।

## सारदा घोटाले के पहले तीन मामलों में सुदीप्त सेन और देवयानी मुखोपाध्याय बरी

**कोलकाता :** सारदा चिटफंड घोटाले से जुड़े पहले तीन मामलों में सुदीप्त सेन और देवयानी मुखोपाध्याय को बेकसूर करार देते हुए बरी कर दिया गया है। मंगलवार को बैंकशाल कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

दरअसल, साल 2013 में हेयर स्ट्रीट थाने में दोनों के खिलाफ तीन मामले दर्ज हुए थे। आरोप था कि तीनों मामलों में मिलाकर 10 से 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने भी सुदीप्त और देवयानी के खिलाफ मामले दर्ज किए थे।

हालांकि, अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत आरोप साबित करने में विफल रहा। इस दौरान करीब 15 गवाहों की गवाही भी हुई, लेकिन ठोस सबूत सामने नहीं आ पाए।





देवयानी मुखोपाध्याय के वकील शुभजीत बल ने कहा, मेरी मुवक्किल और सह-अभियुक्त सुदीप्त सेन को तीनों मामलों में पूरी तरह बरी कर दिया गया है। अभियोजन पक्ष पर्याप्त सबूत देने में नाकाम रहा।

देवयानी की मां शर्वरी मुखोपाध्याय ने अदालत के फैसले के बाद कहा, यह आंशिक रूप से ही सही, लेकिन सत्य की जीत है। हमें समय के साथ सब स्वीकार करना पड़ा। इस मामले में देरी हुई, पर आज पहली बार किसी केस में बरी हुई है। इसी फैसले के चलते अन्य मामलों में भी शायद राहत मिले।

गौरतलब है कि सुदीप्त सेन और देवयानी मुखोपाध्याय के खिलाफ अभी भी 200 से अधिक मामले लंबित हैं। साथ ही ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की जांच भी जारी है। ऐसे में इस बरी होने के बावजूद फिलहाल दोनों को जेल से रिहाई नहीं मिलेगी।

## बेलघरिया में 8 साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में वृद्ध गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बेलघरिया थाना अंतर्गत देशप्रियनगर 9 नंबर सबुजपल्ली के एक आवास में 8 साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में आवास में रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप का नाम स्वपन कुमार दास (60) है। सूत्रों के अनुसार, पीड़ित बच्ची अपनी मां और दादी के साथ उक्त आवास के एक फ्लैट में रहती है। पिता काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। बताया गया है कि गत सोमवार को बच्ची की मां सुबह काम पर चली गई। दोपहर में जब दादी घर से निकलीं, तो उन्होंने आवास के उसी तल पर रहने वाले पड़ोसी स्वपन दास को बच्ची की देखभाल करने के लिए कहा। स्वपन अपनी पत्नी के साथ आवास की पहली मंजिल पर रहते हैं। कथित तौर पर, स्वपन दास की पत्नी उनके फ्लैट में गईं और कुछ देर तक बच्ची की देखभाल की, फिर नहाने चली गईं। कथित तौर पर, स्वप्न ने सभी की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए, बच्चे के कमरे में जाकर उसके साथ अश्लील व्यवहार किया। यहां तक कि आरोपी ने बच्चे को किसी को न बताने की धमकी भी दी। हालांकि, बच्ची ने घर लौटने पर अपनी दादी को इस बारे में नहीं बताया, लेकिन घर लौटने के बाद मां ने उन्हें सब कुछ बताया। इसके बाद, अपार्टमेंट में भारी हंगामा हुआ। इलाके के लोग गुस्से में थे। आरोपियों ने स्वप्न दास को फ्लैट के अंदर बंद कर दिया। पड़ोसियों ने बेलघरिया थाने को सूचित किया। पुलिस आई और आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले गई। सभी ने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की। इस घटना से इलाके में काफी तनाव पैदा हो गया।



## कुलतली में घर के सामने ताश खेलने का विरोध करने पर महिला पर हमला

❑ एक हमलावर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली थाना अंतर्गत एक नंबर वार्ड के मधुसूदनपुर इलाके में रविवार की देर रात ताश खेल को लेकर बड़ा विवाद हो गया। शोरगुल और गाली-गलौज का विरोध करने पर एक महिला पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, स्थानीय निवासी अनंत मंडल के घर के सामने लगभग हर रात ताश खेलने का अड्डा लगता था। रविवार की देर रात से सोमवार की सुबह तक जब ताश का खेल चल रहा था, तभी खिलाड़ियों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इस दौरान जोर-जोर से चिल्लाने और अपशब्दों से परेशान होकर अनंत मंडल की पत्नी नीलिमा मंडल बाहर निकलीं और विरोध जताया। आरोप है कि तभी सरबिंदु गायेन नामक युवक ने नीलिमा पर धारदार हथियार से वार कर दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट आई। घायल महिला को तुरंत कुलतली ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। घटना के दौरान नीलिमा को बचाने आए उनके देवर शांत मंडल पर भी हमला किया गया। वहीं, पड़ोसियों ने जब विरोध जताया तो उनके साथ भी ताश खेलने वालों ने गाली-गलौज की। मिली जानकारी के अनुसार, नीलिमा के परिवार ने सोमवार की शाम कुलतली थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उसी रात सरबिंदु गायेन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पक्ष ने आरोप लगाया है कि झगड़े में सरबिंदु को भी लोगों ने पीटा है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## स्कूटर चलाना सीखने के दौरान प्रेमी जोड़ा लापता, 24 घंटे के भीतर नहर से जोड़े का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूटर चलाना सीखने के दौरान एक प्रेमी जोड़ा लापता हो गया। 24 घंटे के भीतर, आनंदपुर में एक नहर से एक युवक और एक युवती के शव बरामद किए गए। पुलिस ने मंगलवार को दिन भर गोताखोरों के साथ नोनाडांगा नहर की खोज की और पहले युवक और फिर युवती के शव बरामद किए। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दोनों के बीच गरमागरम बहस के कारण स्थिति बिगड़ गई। फिर, दोनों अनजाने में नहर के पानी में गिर गए और बहाव में बह गए। आनंदपुर थाने ने स्थानीय निवासियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि गत सोमवार की दोपहर उत्तर पंचनग्राम निवासी रोनिता वैद्य (23) आनंदपुर में चीनी मंदिर से सटे इलाके में स्कूटर चलाना सीखने गई थी। उसके साथ रोहित अग्रवाल नाम का एक युवक भी था। वह डिलीवरी बॉय का काम करता है। शाम के बाद से उनका पता नहीं चला। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उन्होंने दो युवक और युवतियों को देखा जो दोपहर में उस इलाके में स्कूटर चलाना सीखने गए थे। कुछ ने कहा कि दोनों बहस कर रहे थे। फिर, प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें नोनाडांगा नहर में गिरते देखा। खबर मिलने के बाद, आनंदपुर थाने ने सोमवार से जांच शुरू कर दी। इस दिन, सुबह से गोताखोर नोनाडांगा नहर में खोजबीन कर रहे थे। सबसे पहले दोपहर के आसपास रोहित अग्रवाल का शव बरामद हुआ। बाद में, रोनिता का शव भी मिला। पुलिस को शुरू में पता चला कि यह पूरी तरह से एक दुर्घटना थी। रोहित और रोनिता आनंदपुर चीनी मंदिर से सटे इलाके में स्कूटर चलाना सीखने गए थे। स्कूटर चलाने को लेकर उनमें बहस हो गई थी। फिर, स्थानीय लोगों ने सबसे पहले रोहित और रोनिता को उसके पीछे दौड़ते देखा। रोहित की अचानक गति कम हो गई और वह नहर के पानी में गिर गया। उसे बचाने के लिए रोनिता भी कूद गई। दोनों में से कोई भी नहर से बाहर नहीं आ सका। वे धीरे-धीरे धारा में डूबने लगे। अंततः, 24 घंटे के भीतर उनके शव बरामद कर लिए गए।



## राज्य में 25 अगस्त तक भारी बारिश के आसार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवाओं और मानसून की सक्रियता की वजह से पश्चिम बंगाल में 25 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक, कोलकाता, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, हुगली, नदिया, पूर्व बर्दवान, बांकुड़ा और झाड़ग्राम जिलों में बिजली, मेघगर्जन और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, 25 अगस्त तक कुछ दक्षिणी जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। उसने बताया कि इस अवधि के दौरान उत्तरी जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

## मृत्यु के बाद भी ब्रात्य बसु के पिता का नाम मतदाता सूची में, राजनीति गरमाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची को लेकर नया विवाद सामने आया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के पिता और प्रसिद्ध नाटककार विष्णु बसु का नाम उनके निधन के दशकों बाद भी मतदाता सूची में शामिल है। भाजपा नेता पियूष कानोरिया ने दावा किया है कि शिक्षा मंत्री के पिता और प्रसिद्ध नाटककार विष्णु बसु का निधन वर्ष 1999 में हुआ था। इसके बावजूद 2024-25 की मतदाता सूची में उनका नाम मौजूद है। भाजपा ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए चुनाव आयोग से मामले की जांच की मांग की है। पार्टी का कहना है कि जब एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व के निधन के इतने वर्षों बाद भी उनका नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया गया है, तो आम लोगों के मामलों में स्थिति कैसी होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। भाजपा का आरोप है कि राज्य सरकार और चुनाव से जुड़ी मशीनरी इस तरह की गड़बड़ियों पर आंख मूंदे हुए है।

## स्वास्थ्य सर्वेक्षण के नाम पर एनआरसी फार्म भरवाने के ममता के दावे को कल्याणी एम्स ने किया खारिज

❑ **कल्याणी एम्स ने बयान जारी कर कहा... 'वे कोई एनआरसी सर्वेक्षण नहीं कर रहे हैं'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कल्याणी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस दावे को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया था कि एम्स द्वारा राज्य में घर-घर जाकर मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के नाम पर परोक्ष रूप से एनआरसी के फार्म भरवाए जा रहे हैं। ममता ने लोगों से सतर्क रहने और राज्य सरकार से तथ्य की पुष्टि किए बिना ऐसे किसी भी सर्वे में भाग नहीं लेने का आग्रह किया था। ममता ने लोगों को चेतावनी दी थी कि अगर किसी ने भी इस तरह का कोई फार्म भरा तो उसका नाम मतदाता सूची से हटाया जा सकता है। ममता के आरोपों के कुछ घंटों बाद कल्याणी एम्स ने देर रात में ही एक बयान जारी किया। हालांकि, इसमें मुख्यमंत्री के बयान को कोई जिक्र नहीं किया गया, लेकिन संस्थान ने बयान में बताया कि मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण असल में किसलिए किया जा रहा। एम्स ने स्पष्ट किया कि वे कोई एनआरसी सर्वेक्षण नहीं कर रहे हैं। बयान में कहा गया कि कल्याणी एम्स राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के दूसरे चरण का संचालन कर रहा है। कल्याणी एम्स यह सर्वेक्षण बेंगलुरु के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्रों में से एक, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) के साथ मिलकर कर रहा है। यह सर्वेक्षण राज्य के सात जिलों में किया जा रहा है। यह भी बताया कि सर्वेक्षण के लिए प्रश्नावली विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और निमहंस की अनुमति से तैयार की गई है। यह सर्वेक्षण पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। बंगाल भी इसका हिस्सा है।




### NAME CHANGE

I, Rajdeb Paswan (old name) son of Late Ram Prasad Paswan, residing at 25/B, CHRISTOPHER ROAD, OPP. EXCISE BUILDING , WEST BENGAL, PIN- 700046, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Raj Deb Paswan (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 19/08/2025. Raj Deb Paswan (new name) and Rajdeb Paswan (old name) both are same and one identical person.

---

I, Phool Bibi wife of Iqbal Ahmed, residing at 376/2, Sarat Chatterjee Road, Shibpur, Howrah-711103, do hereby solemnly affirm and declare that my actual name is Phool Bibi and Chandni Parveen is my daughter and Phool Bibi and Fool Bibi is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class Executive Magistrate at Howrah dated 7th August 2025.

**Khejuri-I Panchayat Samity**
Kamarda, Purba Medinipur, 721432

**CORRIGENDUM NOTICE**

E-NIT-WB/EO/KH-1/09/2025-26 & Memo No. 590/Tender/KH-1 PS/2025, Dated: 18.08.2025 for no scheme under Khejuri-I Panchayat Samity. Document download/sell end date (Online) for Bid submission upto 26.08.2025 at 3:00 PM for details information please contact with Khejuri-I PS office notice board Engineering Section and go through e-Tender site www.wbtenders.gov.in

Sd/-
Executive Officer
Khejuri-I Panchayat Samity

### पश्चिम मध्य रेल
**जबलपुर मंडल-वाणिज्य विभाग**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **Category (क्र.सं.1 से 4 के लिए) -पार्किंग, Catalogue No. (क्र.सं.01 से 04 के लिए)**-JBP-C-PARK-MIX-4, **Sr. No.1 Lot No.**-PARKING-JBP-STA-MX-63-25-2(Parking-Mixed), **Assets Details-** सतना ईस्ट साइड स्टेशन पर पांच वर्ष के लिए साईकिल/ स्कूटर/ कार पार्किंग स्टेंड के लिए लाइसेंस हेतु। **Auction Start**-29.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-29.08.2025 (12:30 hrs.), **Sr. No.2 Lot No.**-PARKING-JBP-SGO-MX-2-25-2(Parking-Mixed), **Assets Details-** सागर स्टेशन पर पांच वर्ष के लिए साईकिल/ स्कूटर/ कार पार्किंग स्टेंड के लिए लाइसेंस हेतु। **Auction Start**-29.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-29.08.2025 (12:40 hrs.), **Sr. No.3 Lot No.**-PARKING-JBP-GAR-MX-25-25-2(Parking-Mixed), **Assets Details-** गाडरवारा स्टेशन पर पांच वर्ष के लिए साईकिल/ स्कूटर/ कार पार्किंग स्टेंड के लिए लाइसेंस हेतु। **Auction Start**-29.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-29.08.2025 (12:50 hrs.), **Sr. No.4 Lot No.**-PARKING-JBP-PHA-MX-60-25-3(Parking-Mixed), **Assets Details-** पथरिया स्टेशन पर पांच वर्ष के लिए साईकिल/ स्कूटर/ कार पार्किंग स्टेंड के लिए लाइसेंस हेतु। **Auction Start**-29.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-29.08.2025 (13:00 hrs.), **Category (क्र.सं.05 से 07 के लिए) -विज्ञापन, Catalogue No. (क्र.सं.5 से 7 के लिए)**-JBP-C-ADVT-GLOW, **Sr. No.5 Lot No.**-ADVT-JBP-MML-OSN-80-22-1(Advertising -On Station premise (Non Digital)), **Assets Details-** मदनमहल रेलवे स्टेशन पर बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन अधिकार। केवल तीन वर्षों हेतु। **Auction Start**-22.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-22.08.2025 (12:30 hrs.), **Sr. No.6 Lot No.**-ADVT-JBP-NU-OSN-90-22-1 (Advertising -On Station premise (Non Digital)), **Assets Details-** नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। केवल तीन वर्षों हेतु। **Auction Start**-22.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-22.08.2025 (12:40 hrs.), **Sr. No.7 Lot No.**-ADVT-JBP-MML-OSN-89-22-2(Advertising -On Station premise (Non Digital)), **Assets Details-**मदनमहल रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। केवल तीन वर्षों हेतु। **Auction Start**-22.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-22.08.2025 (12:50 hrs.), **Category (क्र.सं.08 लिए) -विज्ञापन, Catalogue No. (क्र.सं. 08 के लिए)**-JBP-C-NFR-Retir, **Sr. No.8 Lot No.**-PnU-JBP-MYR-WRL-32-25-1(Pay and use Lounges/Waiting/Retiring/ cloak Rooms), **Assets Details-**मैहर स्टेशन रिटायरिंग रूम और डोरमेट्री सुविधाओं के नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण के लिए केवल 151 दिनों का अनुबंध। **Auction Start**-26.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-26.08.2025 (12:30 hrs.), **Category (क्र.सं.9 के लिए) -विज्ञापन, Catalogue No. (क्र.सं. 09 के लिए)**-JBP-C-NFR-PLS, **Sr. No.9 Lot No.**-MSS-JBP-JBP-76-25-2(Misc-static-Services-luggage wrapping), **Assets Details-** जबलपुर पार्सल कार्यालय और पार्सल व्यवसाय के प्रबंधन और संचालन को तीन वर्षों के लिए आउटसोर्स करना। **Auction Start**-28.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-28.08.2025 (12:30 hrs.), **Category (क्र.सं.10 के लिए) -विज्ञापन, Catalogue No. (क्र.सं.10 के लिए)**-JBP-C-NFR-MISC, **Sr. No.10 Lot No.**-HyB-OnB 173109-24-1(Hybrid NFR-On-Board Hybrid), **Assets Details-**जबलपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र में सतना- मानिकपुर - सतना खंड में सभी ट्रेनों (राजधानी, वंदे भारत, दुरंतो, शताब्दी और ऐसी अन्य विशेष प्रीमियम ट्रेनों को छोड़कर, जो रेलवे द्वारा भविष्य में शुरू की जा सकती हैं) में विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य और पीडीडब्ल्यू को छोड़कर) की बिक्री के लिए अनुबंध, सभी नियम और शर्तें अनुबंध और नीति के कार्य और ई-नीलामी मानक शर्त के दायरे के अनुसार होंगी। तकनीकी अनुपालन के लिए उपरोक्त रेक लिंक आईडी और रेक नंबर क्षेत्र, अनुबंध सभी ट्रेनों (राजधानी, वंदेभारत, दुरंतो, शताब्दी और ऐसी अन्य विशेष प्रीमियम ट्रेनों को छोड़कर, जो रेलवे द्वारा भविष्य में शुरू की जा सकती हैं, जो अनुबंध की विशेष शर्तों में उल्लिखित मार्ग पर चलती हैं) के लिए केवल तीन साल के लिए है। **Auction Start**-29.08.2025 (12:00 hrs.), **Auction End**-29.08.2025 (12:30 hrs.)। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

### इस्लामपाड़ा हाल्ट स्टेशन पर ईएमयू लोकल ट्रेनें अस्थायी रूप से रुकेंगी

यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित 22 ईएमयू लोकल ट्रेनें दिनांक **23.08.2025 (शनिवार)** से **22.11.2025 (शनिवार)** तक तीन (03) महीने की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत **इस्लामपाड़ा हाल्ट स्टेशन** पर नीचे उल्लिखित **समयसूची के अनुसार अस्थायी रूप से रुकेंगी:**

| क्र. सं. | ट्रेन नं. और नाम | इस्लामपाड़ा हाल्ट पर रुकने का समय (आ./प्र.) |
|---|---|---|
| 1. | 37921 हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/18.17 |
| 2. | 37743 बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/04.40 |
| 3. | 37749 बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/12.25 |
| 4. | 37751 बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/14.45 |
| 5. | 37753 बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/16.45 |
| 6. | 37927 हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/21.47 |
| 7. | 37757 बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/23.35 |
| 8. | 37912 कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल | रुकेगी/05.30 |
| 9. | 37914 कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल | रुकेगी/07.26 |
| 10. | 31112 कटवा-सियालदह ईएमयू लोकल | रुकेगी/17.43 |
| 11. | 37742 कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल | रुकेगी/06.11 |
| 12. | 37744 कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल | रुकेगी/10.38 |
| 13. | 37748 कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल | रुकेगी/14.48 |
| 14. | 37928 कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल | रुकेगी/21.10 |
| 15. | 37750 कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल | रुकेगी/19.23 |
| 16. | 37745 बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/05.50 |
| 17. | 31111 सियालदह-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/09.42 |
| 18. | 37915 हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/11.10 |
| 19. | 37925 हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल | रुकेगी/20.27 |
| 20. | 37920 कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल | रुकेगी/09.32 |
| 21. | 37746 कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल | रुकेगी/13.12 |
| 22. | 37924 कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल | रुकेगी/16.33 |

**परिणामस्वरूप:** निम्नलिखित ट्रेनों के आगमन की समयसूची में निम्नानुसार संशोधन किया जाएगा: 1. 37757 **बैण्डेल - कटवा ईएमयू लोकल** कटवा में 01.30 बजे के बदले 01.35 **बजे** पहुंचेगी। 2. 37925 **हावड़ा - कटवा ईएमयू लोकल** कटवा में 22.20 बजे के बदले 22.25 **बजे** पहुंचेगी।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/25/53, दिनांक 18.08.2025।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि और निविदा खुलने की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1; 10252468;** विंड स्क्रीन वाइपर असेम्बली; ₹ 0; ₹2,18,910 और 11.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **2; 15235115ई;** 6 टन की क्षमता वाले विद्युतीय हीट ट्रीटमेंट फर्नेस (स्ट्रेस रीलीविंग) की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत; ₹ 0; ₹ 2,36,540 और 08.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **3; 21255013;** अपग्रेडेड हाई टेंसाइल सेंटर बफर कपलर आदि; ₹ 0; ₹ 50,00,000 और 10.10.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **4; 11251811;** डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 8,28,760 और 09.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **5; 11252654ए;** बायो टैंक माउण्टिंग ब्रैकेट्स का सेट आदि; ₹ 0; ₹ 3,43,100 और 11.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **6; 20252182;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन सी-के-407, रिव.-04 ऑफ़ मार्च 2023 के अनुसार ईएमयू कोचों के एयर स्प्रिंग सस्पेंशन के लिए लेवलिंग वाल्व; ₹ 0; ₹ 4,55,270 और 04.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **7; 20251093;** ईएमयू कोचों की एयर सस्पेंशन सिस्टम के लिए लीवर की स्थापना; ₹ 0; ₹ 2,12,140। **8; 20252119;** भेल ईएमयू के 4601 एजेड टाइप टीएम आर्मेचर के लिए कम्यूटेटर असेम्बली; ₹ 0; ₹14,30,910 और 08.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 7 एवं 8 प्रत्येक के लिए)। **9; 20253031ए;** केपीए ड्राइंग संख्या टीएम. 2एचई.755 तथा टीएम.3एचई.2444 के अनुसार 4303 डीवाई टाइप टीएम के लिए आर्मेचर पावर एवं एक्वालाइजर कॉयल्स का सेट; ₹ 0; ₹2,18,060 और 04.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **10; 14251001;** आरडीएसओ/एसपीएन/177/2012 संस्करण 3 (नवीनतम संस्करण और संशोधन यदि कोई हो तो अद्यतित) के अनुसार माइक्रो कंट्रोलर लॉजिक कार्ड (एमएलबी 1 = 50% और एमएलबी-2 = 50%) सिंगल सेक्शन डिजिटल टाइप एक्सल काउंटर एसएसडीएसी की प्राप्ति, सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिए उपयुक्त। निर्माता : एसएसडीएसी, फेज रिवर्सल टाइप आदि; ₹ 0; ₹ 1,85,100। **11; 14251036;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन सं. एसटीएस/ई/रिलेस/एसी एलआईटी एलईडी सिग्नल/09-2002, संशोधित 1 बीआरएस: 941ए, आईआरएस: एस-34 और आईआरएस: एस-23 (जैसा लागू हो) के अनुसार रिले, प्लग इन टाइप, स्टाइल "एसी-एलईडी" सभी पहलुओं, एसी लैंप प्रोविंग रिले यूनिट के साथ इन-बिल्ट करंट ट्रांसफॉर्मर टाइप, स्लो रिलीज न्यूट्रल लाइन रिले, 4एफ, 4बी, कॉन्टैक्ट्स, फ्रंट और बैक कॉन्टैक्ट्स, मेटल टू कार्बन की प्राप्ति जो 15 वाट पर 110 वोल्ट एसी, एलईडी सिग्नल लैंप रेटेड के साथ श्रृंखला में काम करने के लिए उपयुक्त होगा। इस इकाई के लिए इंटरलॉकिंग कोड एबीडीएचके आदि होगा; ₹ 0; ₹ 1,39,860। **12; 14251043;** बीआरएस-930, आईआरएस-एस-34 और आईआरएस-एस-23 (जैसा लागू हो, संशोधित अद्यतित) के अनुरूप प्लग बोर्ड, रिटेनिंग क्लिप और कनेक्टर के साथ कॉम्प्लीट रिले, नॉन-एसी इम्यून प्लग-इन-टाइप, स्टाइल "क्यूएन1" डीसी न्यूट्रल लाइन, 24वी, 8एफ/8बी कॉन्टैक्ट्स, फ्रंट और बैक कॉन्टैक्ट्स मेटल टू कार्बन की प्राप्ति। इस इकाई के लिए इंटरलॉकिंग कोड एबीसीडीएफ आदि होगा; ₹ 0; ₹1,25,740 और 03.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 10 से 12 प्रत्येक के लिए)। **13; 21251411;** लॉक बोल्ट पिन 7/8 (22.2 मिमी.) व्यास आदि; ₹ 0; ₹ 10,01,500 और 10.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **14; 08251694ए;** डिस्कनेक्टिंग और अर्थिंग डिवाइस, 8 पोल 2 वे की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,06,840 और 03.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **15; 15255079;** फ्लोर व्हील लेथ मशीन (बीजी) के तहत सीएनसी की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0; ₹16,15,960 और 08.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **16; 20251082;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए योक; ₹ 0; ₹ 3,55,530 और 17.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **17; 22251316ए;** इंजेक्शन एमिसिज़ुमैब 60 मिलीग्राम/शीशी; ₹ 0; ₹ 0 और 01.09.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **संशोधनी:** निम्नलिखित निविदाओं के लिए जारी की गई संशोधनी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें: 21251381ए निर्धारित तारीख 01.09.2025; 21251208 निर्धारित तारीख 10.09.2025। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

(STORES-30/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# तत्काल नियुक्ति की मांग पर टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, करुणामयी में फैला तनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षण नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने मंगलवार को साल्टलेक में प्रदर्शन किया और राज्य सरकार से प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया तुरंत शुरू करने का आग्रह किया। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि हालांकि उन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2022 पास कर ली है, लेकिन टीएमसी सरकार भर्ती प्रक्रिया शुरू करने में विफल रही है, लगभग 50,000 प्राथमिक शिक्षकों के पद खाली हैं।



करुणामयी मेट्रो स्टेशन के गेट पर कई उम्मीदवारों को हिरासत में लिया गया, लेकिन कुछ ने पुलिस को चकमा देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। बारिश का सामना करते हुए प्रदर्शनकारियों ने दोपहर करीब 1 बजे मेट्रो स्टेशन के बाहर से पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय एपीसी भवन के लिए अपना मार्च शुरू किया। कई लोगों ने अपनी मांगों वाली तख्तियां ले रखी थीं, वहीं कुछ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुखौटे भी पहने थे। कुछ ही मिनटों में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया, उन्हें प्रतीक्षारत बसों में डाल दिया और उन्हें वहां से ले गए। व्यस्त करुणामयी चौराहे पर कई प्रदर्शनकारियों द्वारा थोड़ी देर के लिए जाम लगाने से यातायात बाधित रहा। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमारी मांग सीधी है-साक्षात्कार के लिए अधिसूचना जारी करें और हमें तुरंत भर्ती करें। लगभग 50,000 रिक्तियां हैं, लेकिन सरकार हमें वर्षों से इंतजार करवा रही है। एक अन्य अभ्यर्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि कोई भी टीईटी उत्तीर्ण उम्मीदवार बेरोजगार नहीं रहेगा, लेकिन वह वादा पूरा नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि हमें जानबूझकर वंचित किया जा रहा है।

## शिक्षा विभाग मुख्यालय के बाहर एसएफआई का प्रदर्शन

### डब्ल्यूबीजेईई परिणाम और कॉलेज कक्षाओं को लेकर विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक में शिक्षा विभाग मुख्यालय, विकास भवन के बाहर मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया, जब कालेज प्रवेश और संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिणामों में पर स्पष्टता की मांग को लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआई) का विरोध प्रदर्शन अराजक हो गया। इसके बाद, पुलिस की कार्रवाई हुई और कई लोगों को हिरासत में लिया गया। अधिकारी ने कहा कि मुख्य विरोध प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही एसएफआई राज्य समिति के सदस्य सुभजीत सरकार और एक अन्य नेता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हिरासत की निंदा करते हुए सरकार ने कहा कि हमने कॉलेज की कक्षाएं कब शुरू होंगी और जेईई के परिणाम कब घोषित होंगे, इस बारे में एक प्रतिनिधिमंडल सौंपने के लिए



विकास भवन के बाहर एक शांतिपूर्ण सभा का आह्वान किया था। कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही पुलिस ने मुझे और मेरे साथी आकाश कर को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मुख्य जुलूस, जो दोपहर 1 बजे शुरू होने वाला था, शुरुआती कार्रवाई के कारण देरी से शुरू हुआ और करुणामयी से लगभग 2:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। अधिकारियों के अनुसार विरोध प्रदर्शन के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई थी। आगे और अशांति की आशंका के बीच पूरे दिन विकास भवन के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## कॉमेक्स गोल्ड की कीमतें इस साल के अंत तक 3,600 डॉलर तक पहुंचने की संभावना: वेंचुरा

**कोलकाता :** वेंचुरा, एक प्रमुख फुल-सर्विस स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म, के अनुसार, 2025 की दूसरी छमाही में सोने की कीमतें ऊंची बने रहने की उम्मीद है। इन कीमतों को दुनिया भर में मौजूद बृहद आर्थिक चुनौतियों, भू-राजनीतिक तनाव और निवेश की मजबूत मांग से समर्थन मिल रहा है। वेंचुरा का अनुमान है कि 7 अगस्त, 2025 को 3,534.10 अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद, कॉमेक्स गोल्ड इस साल के अंत तक 3,600 अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा छुएगा। यह अप्रैल 2025 में के पिछले उच्चतमस्तर 3,509.90 अमेरिकी डॉलर को पार कर चुका है। वेंचुरा के कमोडिटीज हेड एन एस रामास्वामी ने कहा,दुनिया में आर्थिक विकास की धीमी गति,नीतियों में अनिश्चितता और बढ़ते वैश्विक तनाव के दौर में निवेश पोर्टफोलियो में सोने की रणनीतिक भूमिका मजबूत हुई है।

## आईआईएम-कलकत्ता इनोवेशन पार्क ने शुरू किया 50 करोड़ रुपये का कोष

कोलकाता, समाज्ञा

आईआईएम-कलकत्ता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी) ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी एवं टिकाऊ समाधान पेश करने वाले शुरुआती चरण के स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए 50 करोड़ रुपये के समर्पित कोष की मंगलवार को घोषणा की। बयान के अनुसार, इस कोष के जरिये अगले 12-18 महीने में स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु अनुकूलन क्षमता, टिकाऊ कृषि एवं अपशिष्ट से मूल्य समाधान के क्षेत्र में उद्यमों को समर्थन दिया जाएगा। आईआईएमसीआईपी के चेयरमैन अजय जैन ने कहा कि यह पहल भारत में स्थिरता-




आधारित उद्यमों के विकास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। पूंजीगत मदद के अलावा यह कार्यक्रम स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बाजार तक पहुंच और कॉर्पोरेट व सरकारों के साथ साझेदारी प्रदान करेगा जिससे एक पूर्ण परिवेश का निर्माण होगा। बयान में कहा गया कि आईआईएमसीआईपी ने अपने 'मिशन 2047' का भी अनावरण किया जिसका लक्ष्य 2047 तक एक अरब लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है।

## मध्यमग्राम विस्फोट : क्या मृतक का इरादा प्रेमिका और उसके पति को मारना था, पुलिस जांच में जुटी

- **विस्फोट में मारे गए उत्तर प्रदेश निवासी युवक का मध्यमग्राम की एक विवाहित महिला के साथ था प्रेम संबंध**
- **एसटीएफ अधिकारियों ने घटना के संबंध में महिला और उसके पति से की पूछताछ**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल पुलिस ने मंगलवार को संकेत दिया कि उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में विस्फोट में मारा गया उत्तर प्रदेश निवासी युवक सच्चिदानंद मिश्रा (25) अपने साथ विस्फोटक उपकरण लेकर आया था। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या मिश्रा उस महिला या उसके पति को मारना चाहता था, जिसके साथ उसका प्रेम संबंध था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के अधिकारियों ने संबंधित महिला और उसके पति से पूछताछ की है। पुलिस के मुताबिक जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या 25 वर्षीय मिश्रा अपने साथ रखे विस्फोटक उपकरणों से मध्यमग्राम निवासी महिला या उसके पति की हत्या करने की योजना बना रहा था। बंगाल एसटीएफ के सूत्रों ने यह भी बताया कि मिश्रा ने मरते समय दिए गए अपने बयान में स्वीकार किया था कि महिला से उसके प्रेम संबंध थे। अधिकारी ने बताया कि मिश्रा का मध्यमग्राम की एक विवाहित महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिससे उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। हालांकि तीन महीने पहले जब महिला के ससुराल वालों और पति को इस संबंध के बारे में पता चला, तो उसने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी और उसे इंटरनेट मीडिया मंच पर ब्लाक कर दिया था। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला के ससुराल पक्ष के विरोध के बावजूद रिश्ते को फिर से सुधारने का प्रयास कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि यह पता किया जा रहा है कि क्या उसने जानबूझकर बम में धमाका कर आत्महत्या की या किसी तकनीकी खामी की वजह से दुर्घटनावश विस्फोट हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ताओं को संदेह है कि मध्यमग्राम में रवींद्र मुक्त मंच के पास रविवार की देर रात हुआ धमाका आईईडी से किया गया। जांचकर्ताओं ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की और एक स्थानीय व्यवसायी से पूछताछ की, जिसने विस्फोट से कुछ मिनट पहले मिश्रा से बातचीत की थी।

## मालदह में फिर गोलीबारी, 12वीं के छात्र पर चली गोली

**मालदह :** जिले में एक बार फिर गोलीबारी की घटना घटी है। आरोप है कि इलाके के ही एक युवक ने 12वीं के छात्र पर गोली चला दी। छात्र लहूलुहान हालत में गिर पड़ा। स्थानीय अस्पताल ले जाने के बाद उसे कोलकाता रेफर कर दिया गया। लेकिन, यह हमला क्यों हुआ? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि 12वीं का छात्र मालदह के मोथाबारी का निवासी है। वह बंगीटोला हाई स्कूल में पढ़ता है। सोमवार की रात वह घर से निकला था। कथित तौर पर, उसका गली में राज शेख नाम के एक युवक से झगड़ा हो गया। जब झगड़ा बढ़ गया, तो राज ने कथित तौर पर अचानक छात्र पर गोली चला दी। गोली छात्र के सीने में लगी। वह लहूलुहान हालत में गिर पड़ा। इस बीच, आवाज सुनकर आसपास के सभी लोग घटनास्थल पर पहुंचे। युवक को तुरंत बचाया और अस्पताल ले गये। साथ ही, थाने को सूचना दी गई। चूंकि, जिस छात्र को गोली लगी थी, उसकी हालत गंभीर थी, इसलिए उसे कोलकाता के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, आरोपी राज शेख फरार है। उसकी तलाश जारी है। पीड़ित के परिजनों ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। इस बीच, पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। राज को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही, गोली मारने के कारणों की भी जांच की जा रही है।

## जादवपुर यूनिवर्सिटी में सुरक्षा पर हाई कोर्ट सख्त, सीसीटीवी और पुलिस तैनाती पर रिपोर्ट तलब

**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। छात्र-छात्राओं और फैकल्टी की सुरक्षा को लेकर लापरवाही के आरोपों के बीच न्यायमूर्ति सुजॉय पाल और स्मिता दास की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार से 15 दिनों के भीतर विस्तृत सुरक्षा रिपोर्ट मांगी है।

याचिकाकर्ता शुभम दास की ओर से अधिवक्ता अर्क नाग और विश्वरूप भट्टाचार्य ने अदालत को बताया कि कैंपस में बार-बार अप्रिय घटनाएं हो रही हैं। इसलिए विश्वविद्यालय परिसर में आर्म्ड फोर्स और कोलकाता पुलिस की



निगरानी अनिवार्य है। साथ ही पूरे परिसर में सीसीटीवी लगाने की भी मांग उठाई गई।

विश्वविद्यालय की ओर से अधिवक्ता ऋजु घोषाल ने कोर्ट को बताया कि 11 अगस्त को प्रो-वाइस चांसलर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी, जिसमें सुरक्षा संबंधी कई योजनाओं पर चर्चा हुई। इसी कड़ी में वेबेल कंपनी के साथ मिलकर 68 लाख रुपये का सीसीटीवी प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने भी अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है और सीसीटीवी लगाने पर विचार कर रही है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा कि राज्य सरकार को साइट विज़िट करके यह तय करना होगा कि कहां पुलिस बल की तैनाती जरूरी है, कितने सीसीटीवी कैमरे चाहिए और उन्हें कहां लगाया जाएगा। इस संबंध में रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर अदालत में दाखिल करनी होगी।



बिनायक एनक्लेव के खूंटी पूजा कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद दिलीप नारायण बोस एवं सोसायटी के अध्यक्ष कौस्तभ घोष व अन्य।

## हावड़ा मंडल ने सतर्कता जागरूकता अभियान शुरू कर पारदर्शिता और ईमानदारी बढ़ाने का रखा लक्ष्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने 18 अगस्त से सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत की, जो 17 नवंबर 2025 तक जारी रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी को बढ़ावा देना है, साथ ही उन्हें सार्वजनिक सेवा में नैतिक आचरण के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उद्घाटन समारोह में हावड़ा मंडल के डीआरएम ने प्रेरक भाषण दिया। उन्होंने कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि ईमानदारी और सतर्कता रेलवे में जनता के विश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका




निभाती है। डीआरएम ने सभी कर्मचारियों से अपने कार्य में निष्पक्षता, पारदर्शिता और समर्पण के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (लोको) और वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता ने भी अपने संबोधन में सतर्कता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस पहल के माध्यम से हावड़ा मंडल ने भ्रष्टाचार-मुक्त वातावरण बनाने और यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। आने वाले महीनों में इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और संवादात्मक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनसे मंडल के सभी स्तरों तक ईमानदारी और जिम्मेदार शासन का संदेश पहुंचाया जाएगा।

## कुपोषित महिला की चिकित्सकों ने बचायी जान

**कोलकाता :** गंभीर रूप से कुपोषण से पीड़ित 65 वर्षीय एक महिला को उच्च जोखिम वाली सुपर-मेजर व्हिपल पैंक्रियाटिकोडुओडेनेक्टॉमी से बचाया गया। 2.1 ग्राम/डेसीलीटर के खतरनाक रूप से कम एल्ब्यूमिन स्तर वाली इस महिला को गंभीर रूप से कुपोषित अवस्था में भर्ती कराया गया था। शुरुआत में डॉ संजय मंडल के नेतृत्व वाली चिकित्सा टीम ने बड़ी सर्जरी से पहले उसकी पोषण संबंधी स्थिति में सुधार करने की योजना बनायी थी। हालांकि, अस्पताल में रहने के दौरान ट्यूमर से उसे जानलेवा रक्तस्राव होने लगा। जिससे, उसकी पित्त नली भी अवरुद्ध हो गयी और हीमोग्लोबिन के स्तर में तेजी से गिरावट आयी।

## टाटा एआईए ने मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**कोलकाता :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने लॉन्च किया है, टाटा एआईए मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड। यह एक स्मार्ट, अवसरों पर आधारित निवेश है, जो आपको दीर्घकालिक संपत्ति बनाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, हर्षद पाटील ने कहा, भारत के इक्विटी बाजार मजबूत आर्थिक बुनियादी बातों और परिवर्तनकारी नीतिगत पहलों से प्रेरित होकर एक रोमांचक दौर में प्रवेश कर रहे हैं। टाटा एआईए मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड, जो इस वृद्धि से लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, ऐसी गतिशील कंपनियों की पहचान करने और उनमें निवेश करने के लिए एक अनुशासित, नियम-आधारित दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह फंड हमारे पॉलिसीधारकों को इक्विटी बाज़ारों की संपत्ति बनाने की क्षमता में भाग लेने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, साथ ही उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।

## शुभोनंदन कम्यूनिटी हॉल में लगा एपीएएस व दुआरे सरकार शिविर



**कोलकाता :** राज्य सरकार के आमादेर पाड़ा, आमादेर समाधान (एपीएएस) और दुआरे सरकार कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को महानगर के एजेसी बोस रोड स्थित शुभोनंदन कम्यूनिटी हॉल में शिविर लगाया गया। इस शिविर में वार्ड 63 की पार्षद और बोरो सात की चेयरपर्सन सुष्मिता भट्टाचार्य चटर्जी मौजूद रहीं। शिविर में स्थानीय लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की जलापूर्ति, फुटपाथ की मरम्मत, सामुदायिक भवनों की मरम्मत सहित अन्य समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही दुआरे सरकार पहल के तहत लोगों ने नये राशन कार्ड, लक्खी भंडार और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय वार्ड के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बबलू पाइन व अन्य पार्टी के नेता उपस्थित रहे।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर द हेरिटेज अकादमी में ख्यात फोटोग्राफर सत्यकी घोष का प्रेरक संबोधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर द हेरिटेज अकादमी के मीडिया साइंस विभाग ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ख्यात फोटोग्राफर सत्यकी घोष ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर फोटोग्राफी की कला और आध्यात्मिक आयामों पर अपने विचार रखे। सत्यकी घोष, सुप्रसिद्ध दिवंगत फोटोग्राफर नेमाई घोष के पुत्र हैं, जिन्होंने सिनेमा के महानायक सत्यजित रे के साथ लंबे समय तक कार्य किया था। अपने संबोधन में सत्यकी घोष ने कहा, फोटोग्राफी का संबंध ईश्वर से है। फोटोग्राफर को यह संकेत दिव्य शक्ति देती है कि कौन-सा क्षण तस्वीर के लिए सर्वश्रेष्ठ है। कार्यक्रम के दौरान शहर के लगभग 60 कॉलेजों के विद्यार्थियों द्वारा चुनी गई उत्कृष्ट कृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पोर्ट्रेट और लैंडस्केप फोटोग्राफी शामिल थीं। सत्यकी घोष की



उपस्थिति ने कार्यक्रम को परंपरा और आधुनिक दृष्टि के संगम से और भी विशेष बना दिया।

इस अवसर पर मीडिया साइंस विभाग की डीन प्रोफेसर मधुपा बक्शी ने कहा, आज सत्यकी घोष का आगमन केवल फोटोग्राफी को श्रद्धांजलि नहीं है, बल्कि उस विरासत को भी सम्मान देना है, जो भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग से जुड़ी है। उद्घाटन सत्र में द हेरिटेज अकादमी के प्राचार्य प्रोफेसर गौर बनर्जी और हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य प्रोफेसर बसब चौधुरी ने भी अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का समापन खुले प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। इसमें सत्यकी घोष ने युवा फोटोग्राफरों को संदेश दिया कि वे अपनी प्रवृत्तियों पर भरोसा करें, गहराई से अवलोकन करें और सदैव क्षण के सामने विनम्र बने रहें।

## बी.आर. सिंह अस्पताल में जटिल जन्मजात हृदय रोग की सफल सर्जरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** बी.आर. सिंह अस्पताल के कार्डियोलॉजी और कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग की टीम ने चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में 17 वर्षीय युवती के जटिल जन्मजात हृदय रोग - एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (साइनस वेनोसस टाइप) के साथ पार्शियल एनॉमलस पल्मोनरी वेनस कनेक्शन (पीएपीवीसी) - का सफलतापूर्वक मिनिमली इनवेसिव कार्डिएक सर्जरी (एमआईसीएस) द्वारा उपचार किया गया। बी.आर. सिंह अस्पताल के कार्डियोलॉजी ओपीडी में आने पर मरीज की प्रारंभिक जांच सामान्य पाई गई, लेकिन चिकित्सकों की नैदानिक आशंका के आधार पर ट्रांसईसोफेजियल इकोकार्डियोग्राफी कराई गई, जिसमें एएसडी के साथ पीएपीवीसी की पुष्टि हुई। यह रोग हृदय में ऑक्सीजनयुक्त और ऑक्सीजनरहित रक्त के असामान्य मिश्रण का कारण बनता है। रोगी की उम्र और लिंग को ध्यान में रखते हुए, कार्डियोथोरेसिक वास्कुलर सर्जन डॉ. राशिद के नेतृत्व में टीम ने पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी के बजाय न्यूनतम आक्रामक विधि का चयन किया। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और मरीज को स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने चिकित्सा दल की विशेषज्ञता और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया।

## 'शब्दों में हुंकार, काव्य में क्रांति: तीन स्वर एक भारत'

**कोलकाता :** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर समर्पण ट्रस्ट एवं अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन (कोलकाता) द्वारा आयोजित तीन स्वर - एक भारत काव्य संध्या राष्ट्रभक्ति, ओज, चेतना और सांस्कृतिक एकात्मता का एक ऐसा जीवंत संगम बन गई, जिसकी अनुगूंज देर तक श्रोताओं के मन में प्रतिध्वनित होती रही। यह आयोजन केवल कविता पाठ का कार्यक्रम नहीं था, यह एक विचार का उद्घोष था - एक पुकार थी उस भारत की, जिसकी आत्मा शब्दों के माध्यम से गूंज उठी।

इस आयोजन का शुभारंभ उद्योगपति एवं समाजसेवी अशोक बाजोरिया द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण और अन्य अतिथियों द्वारा तुलसी पौधे में जलार्पण के साथ हुआ। ट्रस्ट एवं सम्मेलन के सभापति दिनेश बजाज



ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भाषाई अस्मिता और सांस्कृतिक खिंचाव के इस समय में तीन स्वर - एक भारत वास्तव में एक प्रासंगिक सांस्कृतिक संदेश है - एकता में विविधता का सशक्त उदाहरण। इस आयोजन में नाइजर के कौंसुल राजेंद्र खंडेलवाल, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय, पीपीपी ग्रुप के राजेश सोंथलिया और थंडरबोल्ट कोलकाता के पवन पाटोदिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। संस्था के सदस्य मनीष बजाज ने संस्था की विविध गतिविधियों की जानकारी दी।

डॉ. राहुल अवस्थी ने कहा कि भीख मांगने से अधिकार मिलता नहीं है,अधिकार तो स्वर्ग में भी बंटते नहींयदि सदन में भगत सिंह बम दागते नहीं,

तो क्रांति के धमाकों के बग़ैर ये जागते नहीं! योगेंद्र शर्मा की कविताओं ने भारतभूमि के सांस्कृतिक गौरव को दिव्यता में परिवर्तित कर दिया। वहीं समीक्षा सिंह ने हिंदुत्व, सत्य और बलिदान की ऐसी निर्भीक वाणी में कविताएँ पढ़ीं।

ट्रस्ट के महासचिव प्रदीप ढेडिया ने इस मौके पर कहा कि यह आयोजन केवल काव्य संध्या नहीं, बल्कि एक पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, आत्मचिंतन और सांस्कृतिक चेतना से जोड़ने का संकल्प है। ट्रस्ट के अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल ने कहा कि तीन स्वर - एक भारत ने यह सिद्ध कर दिया कि कविता केवल मनोरंजन नहीं, वह राष्ट्रनिर्माण का उपकरण बन सकती है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ, जय प्रकाश मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सदस्य पंकज भालोटिया ने किया। आनंद इवेंट्स द्वारा कार्यक्रम का प्रबंधन किया गया।

## पूर्व रेलवे चला रहा है पूजा स्पेशल ट्रेन, 70,100 अतिरिक्त बर्थ होंगी उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने आगामी पूजा पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए चार विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इन ट्रेनों के माध्यम से कुल 70,100 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराई जाएंगी। हावड़ा-रक्सौल पूजा स्पेशल (03043/03044) प्रत्येक शनिवार रात 11:00 बजे 27 सितंबर से 15 नवंबर 2025 तक हावड़ा से चलेगी और अगले दिन शाम 4:15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वापसी यात्रा रक्सौल से प्रत्येक रविवार शाम 5:45 बजे शुरू होकर अगले दिन सुबह 10:50 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

सियालदह-गोरखपुर पूजा स्पेशल (03131/03132) सियालदह से प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार शाम 6:15 बजे 30 सितंबर से 18 नवंबर 2025 तक चलेगी और अगले दिन सुबह 10:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी यात्रा गोरखपुर से प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे शुरू होकर अगले दिन सुबह 7:30 बजे सियालदह पहुंचेगी। यह ट्रेन वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

आसनसोल-गोरखपुर पूजा स्पेशल (03527/03528) आसनसोल से प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 1:20 बजे 26 सितंबर से 7 नवंबर 2025 तक चलेगी और अगले दिन सुबह 3:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी यात्रा गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार सुबह 6:30 बजे शुरू होकर उसी दिन रात 8:45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यह ट्रेन चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

आसनसोल-पटना पूजा स्पेशल (03511/03512) आसनसोल से प्रत्येक रविवार दोपहर 1:20 बजे 19 अक्टूबर से 9 नवंबर 2025 तक चलेगी और उसी दिन रात 8:15 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी यात्रा पटना से प्रत्येक रविवार रात 9:55 बजे शुरू होकर अगले दिन सुबह 4:50 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यह ट्रेन चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा-रक्सौल, सियालदह-गोरखपुर और आसनसोल-गोरखपुर पूजा स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग पीआरएस एवं इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है, जबकि आसनसोल-पटना पूजा स्पेशल की बुकिंग 20 अगस्त 2025 से शुरू होगी।

# सुंदरवन में मगरमच्छों की संख्या बढ़कर 242 तक पहुंची

**❑ सर्वेक्षण दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच किया गया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुंदरवन में साल्टवाटर मगरमच्छों की संख्या 234 से बढ़कर अब 242 तक पहुंच गई है। यह जानकारी 2024-25 की जनसंख्या आकलन और आवास पर्यावरण पर आधारित रिपोर्ट में सामने आई है। बता दें कि पिछले वर्ष 2023-24 के आकलन में यह संख्या 204 से 234 के बीच थी। हालांकि, वन अधिकारी बताते हैं कि यह आंकड़ा एक अनुमानित प्रवृत्ति है, न



कि सटीक संख्या। यह रिपोर्ट सजनेखाली वन्यजीव अभयारण्य में प्रधान सचिव और वन बल प्रमुख देबल राय की उपस्थिति में जारी की गई। सुंदरवन टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय निदेशक राजेंद्र जाखड़ ने बताया कि यह सर्वेक्षण दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच 23 टीमों द्वारा किया गया, जिसमें कुल 1,168 किलोमीटर ट्रांसेक्ट कवर किया गया, जो पिछले वर्ष के 955 किलोमीटर से अधिक है। डिप्टी क्षेत्रीय निदेशक जस्टिन जोन्स ने बताया कि इस बार 213 मगरमच्छों को सीधे देखा गया (108 टाइगर रिजर्व और 105 साउथ 24 परगना में), जो पिछले वर्ष 168 था। इससे कुल मगरमच्छों की अनुमानित संख्या 220 से 242 बताई गई है। इस बार देखा गया प्रत्येक 5.5 किलोमीटर पर एक मगरमच्छ मिलने की दर रही, जो पिछले साल के 7.6 किलोमीटर प्रति मगरमच्छ की तुलना में अधिक है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मगरमच्छ उच्च ज्वार वाले नदियों की चौड़ाई 10 से 130 मीटर और 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान में अधिक सक्रिय रहते हैं। 240 सेमी से लंबा मगरमच्छ वयस्क माना गया है, जबकि 90 से 180 सेमी के बीच का मगरमच्छ जवान होता है। इस सर्वेक्षण में 125 वयस्क और 88 जवान मगरमच्छ देखे गए। विशेष रूप से (नवजात मगरमच्छों) की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जो संरक्षण के लिहाज से उत्साहजनक संकेत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मई-जून के दौरान मगरमच्छों के वन्य क्षेत्र से बाहर आ जाने और बचाव की घटनाएं अधिक होती हैं, जो उनकी घोंसले बनाने की अवधि से मेल खाती हैं। अधिकतर बचाए गए मगरमच्छ मादा होते हैं, जो दर्शाता है कि जंगल के घोंसले बनाने के लिए उपयुक्त स्थल कम हो रहे हैं, जिससे मादा मगरमच्छ मानव क्षेत्र के करीब आने को मजबूर हो रही हैं।

# कोलकाता में 760 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**❑ नदिया से कोलकाता में की जा रही थी तस्करी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी के गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एसएसकेएम अस्पताल पोस्ट ऑफिस के सामने से सोमवार की रात दो आरोपितों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 760 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जिला पुलिस ने मंगलवार की दोपहर बयान जारी कर यह जानकारी दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम शुभंकर पांजा (35) और सौरभ प्रधान (20) हैं। दोनों ही कोलकाता के बेहाला, पर्णश्री इलाके के रहने वाले हैं। जांच में सामने आया कि दोनों



आरोपित बाइक से नदिया जिले के पलाशी से कोलकाता मादक पदार्थ लेकर आ रहे थे। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों से तीन मोबाइल फोन, एक हजार 530 रुपये नकद और बाइक भी जब्त की है। पुलिस का मानना है कि बरामद किया गया धूसर रंग का पाउडर हेरोइन है। कोलकाता पुलिस के नारकोटिक्स विंग और विशेष शाखा के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया। सोमवार की रात दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और फिर मंगलवार की सुबह आधिकारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपित इस अवैध कारोबार से कब से जुड़े हुए हैं।

## प्रिंसेप घाट हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, मुख्य आरोपी समेत चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** चितपुर जीआरपी ने प्रिंसेप घाट स्टेशन पर सोते समय एक युवक की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पैसे चोरी के विवाद में हत्या की गई थी। घटना में शामिल होने के आरोप में मुख्य आरोपी अरमान समेत कुल चार लोगों को बड़ाबाजार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि मृतक युवक का नाम अरविंद मंडल है। वह लंबे समय से हावड़ा स्टेशन परिसर में घूमता था और पॉकेटमारी जैसे अपराधों में शामिल था। वह आरोपी अरमास से भी परिचित था। बताया गया है कि 15 अगस्त की रात को साथ में शराब पीने के दौरान अरमान के पास से करीब 8 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन गायब हो गया। अरमान को चोरी का शक अरविंद पर था। आरोप है कि अरविंद पहले भी कई बार इसी तरह उनके पैसे चुरा चुका था। फिर, 16 अगस्त को अरमान और तीन अन्य अरविंद की तलाश में निकले। दोपहर में जब वे प्रिंसेप घाट स्टेशन गए, तो उन्होंने अरविंद को प्लेटफॉर्म पर सोते हुए पाया। कथित तौर पर, अरमान ने मौके का फायदा उठाकर सो रहे अरविंद के गले में चाकू घोंप दिया। अरविंद मंडल की मौके पर ही मौत हो गई। चितपुर रेलवे पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद पूरी घटना का खुलासा हो गया है।

## हुगली में साइबर ठगी का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**हुगली :** गृह मंत्रालय के अधीन ख4सी नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कई शिकायतों के बाद हुगली ग्रामीण जिला साइबर क्राइम थाना की पुलिस ने ठगी के एक गिरोह का पर्दाफाश किया। बीएनएस की विशिष्ट धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत सब-इंस्पेक्टर मो. हीरा ने की और जांच का जिम्मा एएसआई चिरंजीत बागुई को सौंपा गया। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात नंबर से फोन और एसएमएस कर लोगों को ई-बाइक के पार्ट्स खरीदने का झांसा देकर ठगी की जा रही थी। जांच में सामने आया कि इस गिरोह का सरगना तारकेश्वर निवासी आरिक भट्टाचार्य है, जिसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 1,08,200 रुपये से अधिक की ठगी की। आरिक भट्टाचार्य के मोबाइल नंबर पर नेशनल साइबर पोर्टल में 11 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं। हुगली ग्रामीण साइबर क्राइम थाना की त्वरित कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर रखा गया है। पुलिस फिलहाल यह पता लगाने में लगी है कि इस ठगी में और कौन-कौन शामिल हैं। जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अजनबी फोन कॉल या एसएमएस के झांसे में न आएं और किसी भी ठगी की घटना होने पर तुरंत थाना या नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

## हावड़ा में विदेशी नस्ल के कुत्ते पालने वालों को अब नगर निगम को देना होगा टैक्स

**❑ विदेशी और मिक्स-ब्रीड कुत्तों के लिए अनिवार्य होगा पेट लाइसेंस, सितंबर से लागू होगा नियम**

**❑ हर साल देना होगा 150 रुपये का कर, लाइसेंस को हर वर्ष नवीनीकृत कराना होगा**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शहर में अगर आप घरों में विदेशी नस्ल और मिक्स्ड नस्ल के कुत्तों को पालते हैं तो इसके लिए अब नगर निगम से पेट लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। साथ ही, कुत्ते पालने वालों को अब नगर निगम को सालाना 150 रुपये का टैक्स (कर) भी देना होगा। हावड़ा नगर निगम (एचएमसी) सितंबर से यह नियम लागू करने जा रहा है। एचएमसी के मुख्य प्रशासक डॉ. सुजय चक्रवर्ती ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शुरुआत में यह नियम विदेशी



और मिक्स्ड नस्ल के कुत्तों पर लागू होगा। बाद में, इसे पालतू या विदेशी पक्षियों पर भी लागू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था कोलकाता नगर निगम की तर्ज पर हावड़ा में शुरू की जा रही है, जहां यह पहले से लागू है। उन्होंने बताया कि इस कदम का उद्देश्य पालतू पशुओं को नियंत्रित करना और सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना है। निगम प्रशासक ने कहा कि पेट लाइसेंस के लिए आवेदन ऑनलाइन किया जा सकेगा। आवेदन के लिए कुत्तों के एंटी-रेबीज वैक्सीन (टीकाकरण) का अद्यतन प्रमाणपत्र और मालिक का आधार कार्ड जरूरी होगा। वार्षिक शुल्क (कर) 150 रुपये रखा गया है। लाइसेंस को हर साल नवीनीकृत कराना होगा। निगम अधिकारियों ने कहा कि अगर कोई मालिक यह नियम नहीं मानते या शुल्क जमा नहीं करते हैं तो शुरुआत में तो उनके ऊपर किसी तरह का कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। शुरू में नियम तोड़ने वालों को जागरूक किया जाएगा और जानबूझकर कोई नियम तोड़ता है तो उनके खिलाफ आगे कार्रवाई की जाएगी। बाद में, विदेशी पक्षियों को घर में रखने के लिए भी ऐसे लाइसेंस देने की व्यवस्था शुरू करने की योजना है।

## हावड़ा नगर निगम क्षेत्र में जलजमाव पर चिंतित हाई कोर्ट

**कोलकाता :** हावड़ा नगर निगम के ऐडेड एरिया में जलजमाव की समस्या को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। न्यायमूर्ति सुजॉय पाल ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है।

राज्य सरकार के वकील शिरशन्न बंद्योपाध्याय ने अदालत को बताया कि यह इलाका कटोरे जैसी संरचना वाला है, जिसके कारण इसे ऊंचा करना संभव नहीं है। ऐसे में केवल पंपों के माध्यम से ही जल निकासी की जा सकती है क्योंकि आसपास का इलाका अपेक्षाकृत ऊंचा है।

उन्होंने कहा कि पहले जलनिकासी के लिए 92 पंप लगाए गए थे, लेकिन अदालत के निर्देश के बाद अब यह संख्या बढ़ाकर 113 कर दी गई है। साथ ही, सरकार



ने स्थायी समाधान के लिए 3 परियोजनाएँ बनाई हैं, जिनमें से 2 पर काम जारी है।

अदालत ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की प्रति याचिकाकर्ता को दी जाए। याचिकाकर्ता रिपोर्ट की जांच कर यदि कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहें तो उसे हलफनामे के माध्यम से पेश करें। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

## बेहाला में तेज रफ्तार के कारण कार पलटी, डाईवर घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला के जेम्स लॉन्ग सरणी में मंगलवार की दोपहर एक भीषण दुर्घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि एक लाल रंग की चार पहिया गाड़ी बेहाला से ठाकुरपुकुर जा रही थी। कार की गति काफी तेज थी। जेम्स लॉन्ग के पास गाड़ी अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडर से टकराकर पलट गई। टक्कर के कारण चालक गाड़ी के अंदर ही फंस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को गाड़ी के अंदर से निकाला गया और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, पुलिस अभी भी इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि दुर्घटना के समय वह नशे में था या नहीं।

## कोन्नगर में थिएटर कलाकार के घर में चोरी, सोने-चांदी के गहने और नकदी गायब

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के कोन्नगर में चोरी का एक और मामला सामने आया है। इस बार, चोरों ने स्थानीय थिएटर कलाकार अभिरूप गुप्ता के घर को निशाना बनाया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मास्टरपाड़ा इलाके के वार्ड 17 में स्थित गुप्ता परिवार के लोग गत रात रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। इसी बीच, अज्ञात चोरों ने पिछला दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। आलमारी चाबी से खोली गई, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वारदात में किसी परिचित का हाथ हो सकता है। चोर नकदी और सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। घटना की खबर मिलते ही उत्तरपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में



लिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने इलाके में दहशत फैला दी है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब घर छोड़कर बाहर जाना मुश्किल हो गया है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय पार्षद विश्वरूप चक्रवर्ती ने पुलिस से गश्त और सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि बीते एक साल में कोन्नगर में कई आपराधिक घटनाएं हुई हैं और लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर कदम उठाने की ज़रूरत है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तैराक बुला चौधरी के हिन्दमोटर स्थित घर से पदक व अन्य सामान चोरी गए थे।

## एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया




**हावड़ा, समाज्ञा :** एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। मुख्य अतिथि भारतीय सेना की मेजर दीप शिखा, विद्यालय अध्यक्ष किशन कुमार केजरीवाल, सी.ई.ओ प्रोफेसर पार्थ सारथी चक्रवर्ती, निदेशक नीलकंठ गुप्ता, ट्रस्टी अभय केजरीवाल, प्रधानाध्यापक बिश्वजीत मजूमदार, शिक्षक, अभिभावक और छात्र उपस्थित थे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया और विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। स्कूल कैप्टन कुणाल तिवारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायक मंडली, कहानी सुनाना, जस्ट ए मिनट, कोड क्राफ्टर्स प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मेजर दीप शिखा ने राष्ट्र सेवा और एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन उप-कप्तान नैतिक जैन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी ने राष्ट्रीय गौरव का अनुभव किया।

# आनंद से भरा सिटी ऑफ जॉय

## प्रधानमंत्री मोदी का मेट्रो उपहार: कोलकाता को दिल से दिल तक जोड़ने वाला सफर

**कोलकाता :** कोलकाता और मेट्रो का रिश्ता दशकों पुराना है। 1984 में जब भारत की पहली मेट्रो ट्रेन इसी शहर में चली थी, तो वह सिर्फ एक परिवहन व्यवस्था नहीं थी-वह गर्व का क्षण था। पीढ़ियाँ उस गर्व के साथ बड़ी हुईं, मेट्रो को अपनी रोज़मर्रा की कहानियों का हिस्सा बनाते हुए। लेकिन जैसे-जैसे शहर बढ़ा, एक बड़े और तेज़ नेटवर्क का सपना अधूरा सा लगा। सड़कें और भी व्यस्त होती गईं, ट्रैफिक और भी बिगड़ता गया, और खासकर दुर्गा पूजा के समय हर किसी की ज़ुबान पर एक ही बात होती थी-उफ्फजाम!

**■ कोलकाता के लिए एक त्योहारी तोहफ़ा**

इस पूजा पर कहानी बदल जाएगी। माँ दुर्गा के आने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता को 13.62 किलोमीटर नई मेट्रो कनेक्टिविटी का त्योहारी तोहफ़ा देंगे, जिसमें तीन अहम मार्ग शामिल हैं:

**❑ ग्रीन लाइन (एस्प्लानेड-सीलदाह)**

**❑ येलो लाइन (नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर)**

**❑ ऑरेंज लाइन (हेमंता मुखोपाध्याय-बेलघाटा)**

सिटी ऑफ जॉय के लिए यह सिर्फ ट्रेनों और पटरियों की बात नहीं होगी, बल्कि लोगों और भावनाओं की होगी। परिवार जल्दी मिलेंगे, दोस्त ज़्यादा बार मिलेंगे और पंडाल-हॉपिंग आसान और तनावमुक्त होगी। भक्ति बिना ट्रैफिक में फंसे सहजता से बहेगी।

**■ जीवन को आसान बनाते हुए**

**❑ ग्रीन लाइन (एस्प्लानेड-सीलदाह):** बंगाल की दो जीवनरेखाओं को पहले से कहीं ज़्यादा करीब लाएगी। जो सफर सड़क से एक घंटे तक लेता था, अब सिर्फ



11 मिनट में पूरा होगा। छह लाख से अधिक दैनिक यात्रियों के लिए यह जीवन की नई लय तय करेगा।

**❑ येलो लाइन (नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर):** कोलकातावासियों का वर्षों पुराना सपना-हवाई अड्डे तक सीधी मेट्रो-अब पूरा होगा। एस्प्लानेड से नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक का सफर, जो पहले सड़क से एक घंटे का था, अब सिर्फ 30 मिनट का होगा। परिवार अपने प्रियजनों का समय पर स्वागत कर पाएंगे, यात्री कोलकाता को और नज़दीकी से महसूस करेंगे और हज़ारों हवाईअड्डा कर्मचारी आसानी और गरिमा से यात्रा कर पाएंगे।

**❑ ऑरेंज लाइन (हेमंता मुखोपाध्याय-बेलघाटा):** साइंस सिटी और बेलघाटा के बड़े अस्पतालों से जोड़ने वाली यह लाइन मरीजों को राहत, परिवारों को सहूलियत और छात्रों को नए अवसर देगी। जल्द ही यह सॉल्ट लेक सेक्टर 5 के आईटी हब से भी जुड़ेगी, जिससे युवा पेशेवरों के लिए सफर तेज़ और भरोसेमंद होगा।

**■ बेहतर कनेक्टिविटी**

कोलकाता मेट्रो का विस्तारित नेटवर्क शहर को पहले से कहीं ज़्यादा जोड़ रहा है। उत्तर में नोआपाड़ा और पूर्व में बेलघाटा जैसे बाहरी क्षेत्रों को एस्प्लानेड, पार्क स्ट्रीट और सीलदाह जैसे केंद्रीय केंद्रों से जोड़ते हुए, यह लाखों निवासियों को शहर के अलग-अलग हिस्सों तक आसान पहुँच दे रहा है। लंबे सफर अब आसान सवारी बन रहे हैं और काम, पढ़ाई और मनोरंजन के नए अवसर पैदा कर रहे हैं।

**■ ट्रैफिक जाम से राहत**

सीमित शहरी ढांचे, भारी बारिश और बढ़ते वाहनों की संख्या के कारण कोलकाता लंबे समय से जाम की समस्या से जूझता रहा है। मेट्रो के तेज़ और भरोसेमंद विकल्प उपलब्ध कराने से सड़क यात्रा पर निर्भरता कम हो रही है। इससे सीलदाह फ्लाईओवर, ईएम बाईपास और एयरपोर्ट रोड जैसे क्षेत्रों में जाम कम हो रहा है, साथ ही प्रदूषण और यात्रियों का तनाव भी घट रहा है।

**■ आर्थिक विकास को बढ़ावा**

मेट्रो कोलकाता की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति बन गई है। इसने रोज़गार पैदा किए, दमदम, गरियाहाट, पार्क स्ट्रीट और एस्प्लनेड जैसे स्टेशनों के आसपास स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहित किया और अच्छी कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में उद्योगों को आकर्षित किया। ज़्यादा यात्री, ज़्यादा दुकानें और ज़्यादा अवसर-मेट्रो स्थानीय अर्थव्यवस्था को मज़बूत कर रही है और शहर की विकास गाथा को आगे बढ़ा रही है।

**■ समय की बचत**

आज की तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी में समय सबसे बड़ी पूँजी है। मेट्रो कोलकातावासियों को हर दिन कीमती घंटे बचाने में मदद कर रही है। उदाहरण के लिए, एस्प्लानेड से हावड़ा मैदान तक का सफर-जो सड़क से लगभग 20 मिनट का है-अब मेट्रो से सिर्फ 5 मिनट का होगा। तेज़ यात्रा का मतलब है परिवार, पढ़ाई, काम और त्योहारों के लिए अधिक समय।

**■ अन्य साधनों से सहज जुड़ाव**

कोलकाता मेट्रो सिर्फ एक अलग व्यवस्था नहीं है-यह जीवनरेखा है जो अन्य प्रणालियों से जुड़ती है। दमदम, सीलदाह और हावड़ा जैसे इंटरचेंज स्टेशनों पर यह उपनगरीय रेल और अन्य परिवहन साधनों से सहजता से जुड़ती है। यह बहु-स्तरीय कनेक्टिविटी शहर और उसके बाहर तक की यात्रा को सुगम बना रही है।

**■ एक दशक की बेमिसाल प्रगति**

कोलकाता भारत का पहला मेट्रो शहर था। लेकिन 1984 से 2014 तक तीन दशकों में सिर्फ 27.99 किलोमीटर मेट्रो बनी। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 45 किलोमीटर जुड़ी है-यानी पिछले 30 सालों से भी अधिक। पहले मेट्रो शहर से लेकर अब सबसे तेज़ी से बढ़ते नेटवर्क तक, कोलकाता की मेट्रो फिर से गर्व का विषय बन रही है।

यह प्रगति सिर्फ ढांचे की नहीं है-यह ज़िंदगी, यादों और त्योहारों की है। माँ दुर्गा के आगमन पर कोलकातावासी आखिरकार पूजा को ट्रैफिक के साये से मुक्त होकर मनाएंगे। मेट्रो लोगों को उत्तर और दक्षिण कोलकाता के पंडालों तक, कालीघाट और दक्षिणेश्वर की प्रार्थनाओं तक और अपने प्रियजनों तक आसानी और आनंद के साथ ले जाएगी।

**■ कोलकाता का क्षण**

यह कोलकाता का क्षण है। एक शहर जिसने भारत को पहली मेट्रो दी थी, अब अपने इतिहास की सबसे तेज़ प्रगति का गवाह बनेगा। यह गर्व की यात्रा है, प्रगति की यात्रा है, और सबसे बढ़कर-दिलों को जोड़ने वाली यात्रा है।

## हुगली पुलिस ने खोया हुआ पैसा और मोबाइल लौटाए, साइबर ठगी का पर्दाफाश



**हुगली :** हुगली ग्रामीण जिला पुलिस के हरिपाल थाना और जिला पुलिस की संयुक्त पहल में आम लोगों को साइबर ठगी में खोई कुल 2,86,335 रुपये की रकम और 18 मोबाइल फोन वापस किए गए। डीवाईएसपी हेडक्वार्टर अग्निश्वर चौधरी ने मीडिया को बताया कि पुलिस की निरंतर कोशिशों और फिर से पाने अभियान के जरिए यह सफलता हासिल हुई है। इस अभियान के दौरान कुल तीन लोगों को उनकी रकम लौटाई गई, जबकि अन्य नागरिकों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन वापस किए गए। पुलिस ने कहा कि यह अभियान आम जनता में साइबर जागरूकता बढ़ाने और ठगी रोकने के प्रयास का हिस्सा है।

## हावड़ा में बालगोपाल मंदिर का पुनर्स्थापना समारोह, श्रद्धा और उत्साह से संपन्न

**हावड़ा :** हावड़ा के मुखराम कनोड़िया रोड स्थित 'श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण जी' ट्रस्ट के अंतर्गत बालगोपाल मंदिर का पुनर्स्थापना समारोह बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुष्पादेवी बागला ने पावन करकमलों से मंदिर की पुनःस्थापना की। उल्लेखनीय है कि इस ट्रस्ट की



नींव 31 अगस्त 1889 को राय बहादुर राजा शिवबक्शजी बागला द्वारा रखी गई थी, जब उन्होंने 'श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण जी' का प्रथम मंदिर स्थापित किया था। अब उनकी पांचवीं पीढ़ी के वंशज मधुसूदन बागला ने मंदिर के नए स्वरूप को बालगोपाल मंदिर के रूप में पुनः प्रस्तुत किया है। पत्रकारों से बातचीत में मधुसूदन बागला ने कहा कि यह मंदिर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित है, जो भक्तों के लिए सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे। इस पुनर्स्थापना अवसर पर मधुसूदन बागला की धर्मपत्नी अंजू बागला, पुत्र-पुत्रवधु नकुल बागला- सुरभि बागला एवं ध्रुव बागला- वेदिका बागला, तथा पुत्री-दामाद सिद्धिका गोयनका एवं निलाभ गोयनका भी उपस्थित रहे।

## बीएसएफ सब इंस्पेक्टर एचपी तिवारी को सराहनीय सेवा के लिए मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

**❑ यूपी के अमेठी जिला निवासी तिवारी करीब 40 वर्षों से बीएसएफ में दे रहे हैं सेवा**

**❑ इस साल गणतंत्र दिवस पर बीएसएफ महानिदेशक से भी मिल चुका प्रशस्ति पत्र**

**कोलकाता :** पिछले करीब 40 वर्षों से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सेवा दे रहे सब इंस्पेक्टर हौसला प्रसाद तिवारी को सराहनीय सेवा (मेरिटोरियस सर्विस) के लिए इस बार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस प्रतिष्ठित पदक के लिए उनके नाम की घोषणा की। तिवारी इस समय बल के मेघायल फ्रंटियर अंतर्गत शिलांग सेक्टर में तुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की पहली बटालियन में तैनात हैं। यह इलाका बल के पूर्वी कमान में ही आता है, जिसका मुख्यालय



कोलकाता में है। तिवारी 2016 से 2022 तक करीब छह साल बीएसएफ के कोलकाता सेक्टर मुख्यालय में भी तैनात रहे हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के रहने वाले तिवारी की बीएसएफ में एक कर्तव्यनिष्ठ व बेदाग कार्मिक के तौर पर पहचान है। बीएसएफ में चार दशक के लंबे करियर में उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों जम्मू कश्मीर से लेकर पंजाब, बंगाल सहित पूर्वोत्तर राज्यों से लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्यूटी की है। तिवारी करीब साढ़े 19 वर्ष की आयु में दिसंबर, 1985 में ही बीएसएफ में शामिल हुए थे। करीब 10 माह बाद अगले साल जून में ही उनकी सेवानिवृत्ति है। सराहनीय कार्य के लिए इस साल गणतंत्र दिवस पर उन्हें बीएसएफ महानिदेशक (डीजी) का भी प्रशस्ति पत्र मिल चुका है।

तिवारी को राष्ट्रपति पुलिस पदक मिलने पर पहली बटालियन के कमांडेंट सुनील शेखावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने खुशी जताते हुए इसे अपनी पूरी यूनिट के लिए गौरव बताया। बीएसएफ के सेवानिवृत्त आइजी सुरजीत सिंह गुलेरिया ने भी खुशी जताते हुए कहा कि तिवारी ने पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ देश की सेवा की है।

एचपी तिवारी ने करीब 20 साल पंजाब सीमा पर, 10 वर्ष जम्मू कश्मीर में, छह साल बंगाल में और बाकी उत्तर पूर्व राज्यों में सेवाएं दी है।

## अमेजन एवरीडे एसेंशियल्स ने त्योहारी सीजन में पालतू जानवरों के लिए विशेष छूट पेश की

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस त्योहारी सीजन में अमेजन एवरीडे एसेंशियल्स ने पालतू जानवरों के लिए विशेष छूट और अनोखे उत्पाद पेश किए हैं। ग्राहक रॉयल कैनिन, प्योरपेट, वस्त्रमय और केनेल किचन जैसे टॉप ब्रांड्स के उत्पादों पर 40% तक की छूट पा सकते हैं। संग्रह में डॉग सनग्लासेस, एथनिक कुर्ते, डेंटल च्यूज, रेनकोट, इंटरैक्टिव फीडिंग टूल्स और बिल्लियों के लिए स्किन-केयर फूड शामिल हैं। प्राइम मेंबर तेज डिलीवरी का लाभ उठाकर अपने पालतू जानवरों की खरीदारी को और भी सुविधाजनक बना सकते हैं। अमेजन इंडिया के निदेशक निशांत रमन ने कहा कि ग्राहक अब पालतू जानवरों के लिए सिर्फ कार्यात्मक नहीं, बल्कि रचनात्मक और रोजमर्रा के अनुकूल उत्पाद खोज रहे हैं। इस त्योहारी सीजन में, पालतू जानवरों के लिए डॉग कुर्ते, किटन किट्स, कैल्शियम ट्रीट्स और स्टाइलिश एक्सेसरीज जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं, जो उत्सव को उनके लिए भी खास और मजेदार बनाते हैं।

# एशिया कप : भारतीय टीम में गिल बने उपकप्तान, बुमराह को मिला मौका लेकिन अय्यर चूके



## गिल की वापसी से खुश हूं, जितेश ने बनाई अपनी जगह: सूर्यकुमार

**मुंबई:** टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टी20 का उपकप्तान बनाया गया है जबकि दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की लंबे समय के बाद छोटे प्रारूप की टीम में वापसी हुई है। गिल ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2024 में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था और अब वह अक्षर पटेल की जगह कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में उप-कप्तान होंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने यहां टीम की घोषणा के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''गिल ने इंग्लैंड दौरे पर हमारी उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया।'' एशिया कप के तुरंत बाद अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के होने के कारण बुमराह की उपलब्धता को लेकर कुछ संशय बना हुआ था। चयनकर्ताओं ने हालांकि बुमराह को चुनने का फैसला किया। वह पिछले साल हुए टी20 विश्व कप के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी टीम में शामिल किया गया है, जबकि जितेश शर्मा दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज होंगे। यशस्वी जायसवाल चयनकर्ताओं द्वारा चुने गए पांच स्टैंडबाय (वैकल्पिक) खिलाड़ियों में शामिल है। अगरकर ने कहा, ''यह थोड़ा निराशाजनक है कि जायसवाल को मुख्य टीम से बाहर होना पड़ा, लेकिन उन्हें इंतजार करना होगा।'' टीम में एक और प्रमुख नाम श्रेयस अय्यर का नहीं था। अय्यर इस साल आईपीएल में शानदार लय में थे और उनकी कप्तानी में टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया था। अगरकर ने कहा कि टी20 में बड़ी संख्या में प्रतिभावान खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण उन्हें टीम में शामिल करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास टी20 टीम में कुछ अच्छे विकल्प हैं। विकल्प में अधिकता के कारण कई बार टीम चुनना आसान नहीं होता। इस तरह की स्थिति में होना हालांकि अच्छा है।' भारत को एशिया कप के ग्रुप ए में पाकिस्तान, ओमान और यूएई के साथ रखा गया है। एशिया कप के लिए भारतीय टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

### बुमराह बड़े मुकाबलों के लिए रहेंगे तैयार : अगरकर

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह के काम के बोझ (वर्कलोड मैनेजमेंट) को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीम प्रबंधन चाहता है कि यह दिग्गज तेज गेंदबाज विश्व कप, चैंपियन्स ट्रॉफी और इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी श्रृंखलाओं के लिए फिट और उपलब्ध रहे। बुमराह को 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह दी गई है। यह पिछले साल के विश्व कप के बाद उनका पहला टी20 टूर्नामेंट होगा। इंग्लैंड दौरे पर उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांच में से केवल तीन मैच खिलाने के फैसले को लेकर आलोचना हुई थी। अगरकर ने कहा, बुमराह पर हमेशा अतिरिक्त नजर रहेगी क्योंकि वह बेजोड़ और विशेष हैं। आने वाली हर श्रृंखला में उनकी फिटनेस और उपलब्धता पर नजर रखी जाएगी।

**अय्यर को जगह नहीं**

श्रेयस अय्यर, जिन्होंने दिसंबर 2023 में आखिरी बार टी20 खेला था, को टीम में शामिल नहीं किया गया। इस पर अगरकर ने कहा, अभी केवल 15 खिलाड़ियों को ही चुनना था। श्रेयस को अपने मौके का इंतजार करना होगा।

# महिला विश्व कप के लिये रेणुका भारतीय टीम में, शेफाली बाहर

**मुंबई:** फिटनेस हासिल करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल ने एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बना ली है जबकि आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिल सका है। वनडे विश्व कप 30 सितंबर से भारत में खेला जायेगा। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत श्रीलंका से भिड़ेगा। हमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम का ऐलान मंगलवार को किया गया। अपने 14 वनडे में शानदार प्रदर्शन करने वाली रावल को आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली पर तरजीह दी गई है। चयनकर्ताओं ने 14 सितंबर से आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन वनडे मैचों के लिये भी टीम का चयन किया है। विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लगभग समान टीम चुनी गई है। अमनजोत कौर को विश्व कप तक फिट होने का समय दिया गया है और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए



उनकी जगह सयाली सतघारे को टीम में जगह मिली है। हरमनप्रीत और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड ने यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में टीम की घोषणा के बाद मीडिया से बात की। भारत पर घरेलू मैदान पर खिताब जीतने का दबाव होगा क्योंकि उसने अब तक कोई विश्व खिताब नहीं जीता है और पूरी संभावना है कि 36 वर्षीय हरमनप्रीत अपना आखिरी एकदिवसीय विश्व कप खेलेंगी। पूर्व भारतीय स्पिनर नीतू ने कहा कि सलामी बल्लेबाज के लिए शेफाली के नाम पर चर्चा हुई लेकिन रावल को तरजीह दी गई। नीतू ने कहा, 'शेफाली हमारी योजनाओं में है। हमारी नजर उस पर है और वह अधिक खेलेगी तो भविष्य में वनडे में भारत के लिए खेल पाएगी।'' रेणुका की चोट से वापसी पर उन्होंने कहा, ''रेणुका हमेशा से एक अनमोल खिलाड़ी रही हैं। उन्हें कुछ छोटी-मोटी चोट थी लेकिन अब वह उपलब्ध है। इस विश्व कप के लिए वह हमारी मुख्य खिलाड़ी है।'

# एशियाई चैंपियनशिप: मनु ने जीता कांस्य, जूनियर वर्ग में रश्मिका ने साधा स्वर्ण पर निशाना

**शिमकेंट (कजाकिस्तान):** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला। रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून



को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। यह रश्मिका (क्वालिफिकेशन स्कोर 582) के लिए दोहरी सफलता थी क्योंकि उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालीफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था। कोरिया की येजिन ओह ने 585 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए इस प्रतियोगिता भाग ले रही थीं, जिससे चीन की कियानक्सुन याओ शीर्ष रैंक की निशानेबाज के रूप में फाइनल में पहुंच गईं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता में केवल रैंकिंग अंकों के लिए भाग ले रही ईशा सिंह 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं।

# महाराज का कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया को पहले वनडे में हराया

**केन्र्स (आस्ट्रेलिया):** बायें हाथ के स्पिनर केशव महाराज के कैरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (33 रन देकर पांच विकेट) की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को 98 रन से हरा दिया। महाराज ने स्पिन गेंदबाजी की मददगार पिच का पूरा फायदा उठाते हुए आस्ट्रेलिया को नौ ओवर बाकी रहते 198 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट पर 296 रन बनाये थे। आस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने 96 गेंद में 88 रन बनाये जबकि बेन ड्वारशुइस ने 33 रन का योगदान



दिया। ट्रेविस हेड (27) ने आस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरूआत दी और पहले सात ओवर में 60 रन बन गए। उन्होंने तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को एक ही ओवर में पांच चौके लगाये। इसके बाद हालांकि मेजबान टीम ने छह विकेट 29 रन के भीतर गंवा दिये। आस्ट्रेलिया का स्कोर बिना किसी नुकसान के 60 रन से छह विकेट पर 89 रन हो गया। इनमें से पांच विकेट महाराज ने लिये। उन्होंने मार्नस लाबुशेन और एलेक्स कारी को पगबाधा आउट किया जबकि कैमरन ग्रीन, जोश इंगलिस और आरोन हार्डी क्लीन बोल्ड हुए।

# एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान और ओमान की जगह बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे


**नयी दिल्ली:** पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। मंगलवार को जारी टूर्नामेंट के कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई। मेजबान भारत को चीन, जापान और कजाखस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश को जगह मिली है। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के विजेता को नीदरलैंड और बेल्जियम में 2026 में होने वाले विश्व कप में सीधे जगह मिलेगी। मलेशिया और बांग्लादेश के मुकाबले के साथ 29 अगस्त को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शुरुआत होगी जबकि प्रतियोगिता के पहले दिन के अंतिम मुकाबले में भारत और चीन आमने-सामने होंगे। पूल चरण के बाद सुपर फोर मुकाबले तीन से छह सितंबर तक खेले जायेंगे। सुपर फोर मुकाबलों का ऐलान पूल चरण के बाद किया जायेगा। फाइनल, तीसरे स्थान का प्ले ऑफ और पांचवें-छठे स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला सात सितंबर को होगा। भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया।

---

समाज्ञा व्यापार

# जीएसटी में सुधार के प्रस्ताव से शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 371 अंक चढ़ा

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही। जीएसटी में प्रस्तावित सुधारों के साथ वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा टाटा मोटर्स में बढ़त के साथ बीएसई सेंसेक्स 371 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के करीब पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 370.64



अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 81,644.39 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 482.13 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में बड़े सुधारों की योजना और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक चिंताओं में कमी से बाजार में धारणा मजबूत बनी रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा 3.5 प्रतिशत के लाभ में रही जबकि अदाणी पोर्ट्स में 3.16 प्रतिशत की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.82 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इटर्नल, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल टेक शामिल हैं।

# भारत में 399 रुपये मासिक पर 'चैटजीपीटी गो' लॉन्च




**नयी दिल्ली :** ओपनएआई ने भारत में चैटजीपीटी गो की घोषणा की है जिसकी सदस्यता 399 रुपये प्रति महीने से शुरू होती है। कंपनी ने घोषणा की कि सभी चैटजीपीटी सदस्यता का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जा सकेगा, जिससे समूचे भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए ओपनएआई के उन्नत एआई उपकरणों तक पहुंच आसान हो जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, '' ओपनएआई, चैटजीपीटी गो की शुरुआत कर रहा है, जो एक नई सदस्यता योजना है। इसे समूचे भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए उन्नत एआई उपकरणों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए तैयार किया गया है, क्योंकि ओपनएआई के उपकरणों को अपनाने की प्रवृत्ति पूरे देश में तेजी से बढ़ रही है।'' नई योजना मौजूदा सदस्यता स्तरों के अतिरिक्त है, जिसमें चैटजीपीटी प्लस (1,999 रुपये प्रति माह) शामिल है। उन पेशेवरों एवं उद्यमों के लिए जिन्हें उच्च पैमाने, अनुकूलन एवं सबसे उन्नत मॉडल तक पहुंच की आवश्यकता है उनके लिए ओपनएआई के पास चैटजीपीटी प्रो (19,900 रुपये प्रति माह) है। भारत चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। चैटजीपीटी के उपाध्यक्ष एवं प्रमुख निक टर्ली ने कहा कि ओपनएआई इस बात से प्रेरित है कि भारत में लाखों लोग सीखने, काम करने, रचनात्मकता और समस्या का समाधान तलाशने के लिए प्रतिदिन चैटजीपीटी का इस्तेमाल करते हैं। टर्ली ने कहा, '' चैटजीपीटी गो के साथ हम इन क्षमताओं को और भी अधिक सुलभ बनाने तथा यूपीआई के माध्यम से भुगतान को और भी आसान बनाने के लिए उत्साहित हैं।

# मोबाइल फोन को पांच प्रतिशत जीएसटी के दायरे में लाने की जरूरत: आईसीईए

**कोलकाता:** मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन 'इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन' (आईसीईए) ने मंगलवार को मोबाइल फोन एवं उसके कलपुर्जों को आवश्यक वस्तुओं के लिए आरक्षित पांच प्रतिशत जीएसटी स्लैब में रखने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में आठ साल पुरानी अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक बदलाव की घोषणा की थी। उसके बाद ही आईसीईए ने यह मांग की है। जीएसटी में प्रस्तावित सुधार के तहत पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो कर स्लैब ही होंगे। इसके अलावा विलासिता एवं नुकसानदेह वस्तुओं पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगाने का प्रस्ताव है। फिलहाल आवश्यक खाद्य पदार्थों/दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पांच प्रतिशत, मानक वस्तुओं पर 12 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेवाओं पर 18 प्रतिशत और विलासिता एवं



समाज के नजरिये से नुकसानदेह वस्तुओं पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है। आईसीईए ने एक बयान में मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी दर को 'पीछे ले जाने वाला' बताते हुए आग्रह किया कि मोबाइल फोन और उसके कलपुर्जों को आवश्यक वस्तुओं के लिए आरक्षित पांच प्रतिशत जीएसटी स्लैब में रखा जाए। उद्योग संगठन ने कहा कि डिजिटल पहुंच के प्रमुख साधन मोबाइल फोन को आगामी जीएसटी सुधार में अनिवार्य वस्तु की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू ने कहा, ''मोबाइल फोन अब शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय समावेश और संचालन व्यवस्था के लिए आवश्यक डिजिटल बुनियादी ढांचा है।'

# अमेरिकी शुल्क का नालको पर कोई असर नहीं होगा, कंपनी की नजर ब्रिटेन के बाजार पर : सीएमडी

**भुवनेश्वर:** नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लि. (नालको) ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से उसके कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने यह भी कहा कि वह ब्रिटेन के साथ व्यापार पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां शुल्क शून्य है। नालको के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बृजेंद्र प्रताप सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 77 प्रतिशत बढ़कर 1,064 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 601 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में परिचालन राजस्व 3,807 करोड़ रुपये रहा। सिंह ने कहा, 'ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन और सौर पैनल निर्माण के लिए एक मजबूत बाजार है और दोनों ही एल्युमीनियम पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह हमारे लिए अपनी उपस्थिति बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर पेश करता है।' उन्होंने कहा, 'अमेरिकी शुल्क वृद्धि से नालको के कारोबार पर किसी भी तरह का असर नहीं पड़ेगा। बल्कि, हम ब्रिटेन में अवसर तलाश रहे हैं, जहां शुल्क शून्य है।' सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी ने घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में मजबूत वृद्धि के दम पर एल्युमिना और एल्युमीनियम की अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री दर्ज की है। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले साल जून तक ओडिशा के कोरापुट जिले में अपनी पोट्टांगी बॉक्साइट खदानों का परिचालन शुरू करने की योजना बना रही है। सिंह ने कहा कि पोट्टांगी बॉक्साइट खदानों के लिए निविदा इस साल सितंबर या अक्टूबर तक प्रदान की जाएगी और अगले जून तक खदानों का परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।'

# रुपया 26 पैसे की तेजी के साथ 87.13 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार और जीएसटी पुनर्गठन को लेकर उम्मीदों के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में मंगलवार को रुपया 26 पैसे मजबूत होकर 87.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद है,



क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक के बाद अमेरिका द्वारा अतिरिक्त शुल्क को लेकर चिंता कम होने से निवेशकों की कारोबारी धारणा को बल मिला है।

# जीएसटी दर में बदलाव से खपत में 1.98 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि : एसबीआई रिसर्च

**नयी दिल्ली :** एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित जीएसटी सुधारों से सरकार को सालाना लगभग 85,000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का अनुमान है, लेकिन इसके चलते खपत में **1.98 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक नई संरचना में दो स्लैब होंगे-5 और 18 प्रतिशत। आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्य व कपड़ा पर कर दर घटकर 12 से 5 प्रतिशत होने की संभावना है, जबकि पान मसाला व तंबाकू जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। प्रस्तावित सुधारों से **भारित औसत जीएसटी दर घटकर 9.5 प्रतिशत रह सकती है। इससे उपभोग बढ़ेगा और सीपीआई मुद्रास्फीति में 0.2 से 0.5 प्रतिशत तक नरमी आने की संभावना है। रपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी और आयकर कटौती, दोनों के संयुक्त प्रभाव से चालू वित्त वर्ष में खपत व्यय में 5.31 लाख करोड़ रुपय (जीडीपी का लगभग 1.6 प्रतिशत) की अतिरिक्त वृद्धि संभव है।

# पांच साल में भारत को वाहन उद्योग में नंबर एक बनाने का लक्ष्यः गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में भारत के वाहन उद्योग को पूरी दुनिया में नंबर एक बनाना है। गडकरी ने एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल ऑफ इंडिया और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट को जारी करते हुए कहा कि देश में एक्सप्रेस सेवा उद्योग का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में मंत्रालय का कार्यभार संभालते समय भारतीय वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये था, जो आज बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। गडकरी ने कहा, मेरा इरादा भारत के वाहन उद्योग को अगले पांच साल में पूरी दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचाना है। फिलहाल अमेरिका में वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये और चीन में 47 लाख करोड़ रुपये है। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का है और इस लक्ष्य को हासिल करने में लॉजिस्टिक क्षेत्र अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हाल तक भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 16 प्रतिशत थी, लेकिन 'आईआईएम-आईआईटी के संयुक्त सर्वे' के अनुरूप इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने इसे एक बड़ा मील का पत्थर बताते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य इस लागत को इकाई अंक में लेकर आने का है। गडकरी ने लॉजिस्टिक लागत में आई कमी का श्रेय एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों में किए गए भारी निवेश को दिया।

## न्यूज अपडेट

### सोना 500 रुपये टूटकर 1,00,420 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,000 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली:** विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,00,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 450 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोमवार को यह 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### सरकार ने 30 सितंबर तक कपास के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी

**नयी दिल्ली:** सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए प्रमुख कच्चे माल की उपलब्धता सुधारने के मकसद से 30 सितंबर तक कच्चे कपास के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है। इस कदम से अमेरिका को फायदा मिलने की उम्मीद है। कपास पर अब तक कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) के साथ 11 प्रतिशत का आयात शुल्क भी लगता रहा है। वित्त मंत्रालय की 18 अगस्त की अधिसूचना के अनुसार, शुल्क छूट 19 अगस्त से प्रभावी होगी और 30 सितंबर तक लागू रहेगी। आयात शुल्क समाप्त करने से कपड़ा क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित होने की उम्मीद है। भारत द्वारा आयात शुल्क में राहत ऐसे समय में दी गई है जब कपड़ा क्षेत्र सहित भारतीय निर्यातकों को अमेरिका में 50 प्रतिशत के भारी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। अभी अमेरिकी शुल्क 25 प्रतिशत है। 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क (जुर्माना) 27 अगस्त से प्रभावी होगा। यह शुल्क भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर दंड के रूप में लगाया गया है।

### ब्लूस्टोन ज्वैलरी का शेयर पहले दिन लगभग छह प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद

**नयी दिल्ली:** ब्लूस्टोन ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल लि. का शेयर मंगलवार को 517 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग छह प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ।। बीएसई में शेयर की शुरुआत निर्गम मूल्य से 1.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 508.80 रुपये पर हुई। हालांकि, बाद में इसमें तेजी आई और यह कारोबार के दौरान नौ प्रतिशत चढ़कर 564 रुपये पर पहुंच गया। अंत में शेयर 5.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 546 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई में शेयर 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 510 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह गिरावट से उबरा और नौ प्रतिशत की बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 564 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 5.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 546 रुपये पर बंद हुआ।

### भारत का 2030 तक वैश्विक हाइड्रोजन निर्यात में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्यः नाइक

**नयी दिल्ली:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाइक ने मंगलवार को कहा कि भारत 2030 तक हरित हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। देश की नजर वैश्विक मांग का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने पर है। नाइक ने फिक्की हरित हाइड्रोजन सम्मेलन, 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि 19 कंपनियों को 8.62 लाख टन वार्षिक हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों ने अपनी हरित हाइड्रोजन नीतियों को पहले ही अधिसूचित कर दिया है और कई अन्य इस दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। ये राज्य भूमि आवंटन को सुगम बना रहे हैं, जल उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे हैं, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे हैं और विशेष रूप से हाइड्रोजन केंद्र के विकास के माध्यम से नवोन्मेष को प्रोत्साहित कर रहे हैं। नाइक ने बताया कि गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 100 से अधिक हरित हाइड्रोजन मानक और प्रोटोकॉल को अपनाया जा चुका है या उन पर काम जारी है।

# चीन उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़ी भारत की चिंताओं का समाधान करने के लिए सहमत

**नयी दिल्ली :** चीन ने भारत को उर्वरकों और दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़े प्रतिबंधों में ढील देने पर सहमति जताई है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर को उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने इस मुद्दे पर हुई प्रगति से अवगत कराया। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए वांग ने सोमवार को जयशंकर के साथ अपनी वार्ता के दौरान यह आश्वासन दिया। सूत्रों ने बताया कि चीन ने भारत की तीन प्रमुख चिंताओं का समाधान करने का वादा किया है। एक सूत्र ने कहा, ''(चीन के) विदेश मंत्री वांग यी ने विदेश मंत्री जयशंकर



को आश्वासन दिया कि भारत की उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों की जरूरतों को चीन पूरा करेगा।'' जयशंकर ने सोमवार को बिना कोई विवरण दिए कहा था कि उन्होंने बैठक में ''विशेष चिंताओं'' का उल्लेख किया, जिन्हें उन्होंने पिछले महीने अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान भी उठाया था। इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दुर्लभ मृदा खनिजों को उच्च-स्तरीय तकनीकी उत्पादों, जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। चीन वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता रहा है। भारत अपनी आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए दुर्लभ मृदा खनिजों की निरंतर आपूर्ति की उम्मीद कर रहा है। वैश्विक दुर्लभ मृदा खनन में चीन का लगभग 70 प्रतिशत योगदान है, जो इसे महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनाता है। चीन 2023 तक भारत को भारी मात्रा में उर्वरक निर्यात करता था। हालांकि, चीन ने पिछले साल कई देशों को आपूर्ति रोक दी थी।

# भारत को भविष्य के मिशनों के लिए 40 से 50 अंतरिक्ष यात्रियों को तैयार करने की जरूरत : मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत को भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों का नेतृत्व करने के लिए 40-50 अंतरिक्ष यात्रियों का एक दल तैयार करना होगा। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में 20 दिन बिता कर लौटे शुभांशु शुक्ला से बातचीत के दौरान यह बात कही। शुक्ला एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन के जरिये अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि भारत के गगनयान मिशन को लेकर दुनिया भर में जबरदस्त रुचि है। प्रधानमंत्री के साथ सोमवार शाम को बातचीत में शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक की अपनी अंतरिक्ष यात्रा, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण स्थितियों के साथ तालमेल और कक्षीय प्रयोगशाला में किए गए



प्रयोगों के बारे में अपने अनुभव भी साझा किए। इस बातचीत का वीडियो सोमावार को जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत के भविष्य के मिशनों के लिए 40-50 अंतरिक्ष यात्रियों का एक दल तैयार करने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा कि शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा भविष्य के अंतरिक्ष मिशन की दिशा में पहला कदम है। मोदी ने कहा कि अब तक बहुत कम बच्चों ने अंतरिक्ष यात्री बनने के बारे में सोचा होगा, लेकिन शुक्ला की यात्रा से इस क्षेत्र में अधिक विश्वास पैदा होगा और रुचि पैदा होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के सामने अब दो बड़े मिशन हैं – भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और गगनयान, और इन प्रयासों में शुक्ला का अनुभव बहुत मूल्यवान होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गुजरात उच्च न्यायालय ने आसाराम की अंतरिम जमानत 3 सितंबर तक बढ़ाई

**अहमदाबाद :** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दुष्कर्म के दोषी आसाराम बापू की अस्थायी जमानत अवधि 3 सितंबर तक बढ़ा दी। आसाराम को 2013 के बलात्कार मामले में दोषी ठहराया गया था और गांधीनगर की एक अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति पी.एम. रावल की खंडपीठ ने आसाराम की अस्थायी जमानत अवधि मामले में सुनवाई की अगली तारीख तीन सितंबर तक बढ़ा दी। आसाराम की जमानत 21 अगस्त को समाप्त हो रही थी। राजस्थान उच्च न्यायालय 29 अगस्त को बलात्कार के एक अन्य मामले में उसकी अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। इसके निर्देश पर, आसाराम ने सोमवार को अहमदाबाद स्थित सिविल अस्पताल में चिकित्सा जांच कराई।

### प्रधानमंत्री मोदी बिहार में राजमार्ग परियोजना का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को औंटा (मोकामा)-सिमरिया (बेगूसराय) को जोड़ने वाली एक राजमार्ग परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जिसमें गंगा नदी पर 1.865 किलोमीटर लंबा पुल भी शामिल है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। यह परियोजना पटना जिले के मोकामा और बेगूसराय के बीच सीधा संपर्क प्रदान करेगी। नया पुल दो लेन वाले पुराने रेल-सह-सड़क पुल राजेंद्र सेतु के समानांतर बनाया गया है। लगभग सात दशक पुराने राजेंद्र सेतु की मरम्मत का काम हो रहा है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। पुल के खुल जाने से भारी वाहनों को उत्तर बिहार (बेगूसराय/सुपौल, मधुबनी, अररिया समेत अन्य जिलों) और दक्षिण बिहार (पटना, शेखपुरा, नवादा, लखीसराय समेत अन्य जिलों) के क्षेत्रों के बीच यात्रा करते समय 100 किमी तक का चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। यह पुल प्रसिद्ध तीर्थस्थल सिमरिया धाम तक भी बेहतर संपर्क प्रदान करेगा, जो प्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मस्थली भी है।

### भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को 121 किलो सोना दान करेगा भक्त: आंध्र के मुख्यमंत्री

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के एक भक्त ने अपनी उद्यमशील सफलता के लिए कृतज्ञता स्वरूप भगवान को 121 किलोग्राम सोना दान करने का फैसला किया है। इस सोने की कीमत लगभग 140 करोड़ रुपये है। नायडू ने कहा कि वह (भक्त) एक कंपनी स्थापित करना चाहता था और इसमें उसे सफलता हासिल हुई। मंगलागिरी में 'गरीबी उन्मूलन' कार्यक्रम पी4 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''उस भक्त ने ईश्वर को कुछ लौटाने का फैसला किया है। अब वह वेंकटेश्वर स्वामी को 121 किलोग्राम सोना दे रहा है।'' नायडू ने कहा कि उक्त भक्त गुमनाम रहना चाहता है। उन्होंने बताया कि भक्त ने अपनी कंपनी के 60 प्रतिशत शेयर बेचकर 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 6,000 करोड़ रुपये से 7,000 करोड़ रुपये अर्जित किए और उनका मानना है कि यह समृद्धि उन्हें श्री वेंकटेश्वर स्वामी की कृपा से प्राप्त हुई, इसलिए उन्होंने भगवान को दान करने का निर्णय लिया।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8,308 करोड़ रुपये की भुवनेश्वर बाइपास परियोजना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा में 8,307.74 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन वाले कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाइपास) परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी। इस परियोजना का विकास हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) पर किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह 110 किलोमीटर लंबा राजमार्ग बनने से रामेश्वर और तांगी के बीच बढ़ते यातायात और शहरी भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा। यह मार्ग खोरधा, भुवनेश्वर और कटक जैसे शहरी इलाकों से होकर निकलेगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नई परियोजना भारी वाणिज्यिक यातायात को कटक, भुवनेश्वर और खोरधा से दूर ले जाकर ओडिशा एवं अन्य पूर्वी राज्यों को बड़ा लाभ देगी। इससे मालढुलाई परिवहन की दक्षता बढ़ेगी, लॉजिस्टिक लागत घटेगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना तीन राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-55, एनएच-57 और एनएच-655) और एक राज्य राजमार्ग (एसएच-65) से जोड़ी जाएगी। इससे राज्य के आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों को सुगम संपर्क मिलेगा। बयान के अनुसार, उन्नत बाइपास परियोजना प्रमुख रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा, प्रस्तावित मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क और दो प्रमुख बंदरगाहों से जुड़कर बहु-आयामी परिवहन एकीकरण को मजबूत करेगी और माल एवं यात्रियों की तेज आवाजाही सुनिश्चित होगी।

# असम में कुछ 'अजीब' लोग आ रहे हैं, 'सीमा लांघी' तो होंगे गिरफ्तार: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि देश के विभिन्न हिस्सों से कुछ ''अजीब लोग'' राज्य में आ रहे हैं और अगर उन्होंने ''सीमा लांघी'' तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि ये लोग मुंबई और केरल से आए वकील हैं। मुख्यमंत्री सोमवार रात को एक नवजात शिशु की मौत के बाद जीएमसीएच आए थे। उन्होंने कहा, ''हम उन पर नजर रख रहे हैं। वे तब भी आए थे जब राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को अद्यतन किया जा रहा था और उन्होंने पूरी प्रक्रिया को बिगाड़ दिया था। एनआरसी प्रक्रिया के दौरान



सरकार ने इन लोगों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब हम उनमें से हर एक पर नजर रख रहे हैं और अगर वे नियमों के विरुद्ध जाकर अपनी सीमा पार करते हैं तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''हम किसी भी कट्टरपंथी गतिविधि या संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वे केरल, मुंबई या दिल्ली से ही क्यों न आए हों। ये कट्टरपंथी लोग हैं जो कुछ खास वर्गों की गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं और उनकी रक्षा करते हैं।'' जीएमसीएच में सोमवार सुबह एक शिशु की मौत हो गई थी जो नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) के अंदर एक चिकित्सा उपकरण के तारों से लटका पाया गया था। नवजात शिशु के परिजनों द्वारा ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाए जाने के बाद राज्य सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। शर्मा ने कहा कि यह लापरवाही का मामला है और दोषियों के खिलाफ कड़ी और प्रभावी कार्रवाई के लिए एक जांच समिति गठित की गई है।

# राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी के बाद अधिनियम बना राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिलने के साथ ही राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक अधिनियम बन गया है। इस विधेयक में भारत के खेल प्रशासन में व्यापक स्तर पर सुधार का वादा किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति की मंजूरी सोमवार को मिल गई। इसमें कहा गया है, ''संसद के निम्नलिखित अधिनियम को 18 अगस्त, 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई और इसे सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है – राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025।' जैसा कि पीटीआई ने पहले बताया था कि मूल विधेयक में दो प्रमुख संशोधन किए गए हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के दायरे को सीमित कर केवल उन खेल निकायों को इसमें शामिल किया गया है जो सरकारी धन और सहायता पर निर्भर हैं। इस तरह से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को प्रभावी रूप से इसके दायरे से बाहर रखा गया है। क्रिकेट बोर्ड आरटीआई के दायरे में आने का विरोध कर रहा था क्योंकि वह सरकारी धन पर निर्भर नहीं है।

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री मामले में डीयू की याचिका पर हाईकोर्ट फैसला सुनाएगा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की उस याचिका पर फैसला सुना सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के संबंध में सूचना का खुलासा करने के निर्देश देने वाले सीआईसी के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता दोपहर लगभग ढाई बजे आदेश सुना सकते हैं। अदालत ने 27 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। डीयू की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सीआईसी का आदेश रद्द किया जाना चाहिए। हालांकि, मेहता ने कहा कि विश्वविद्यालय को अदालत को अपना रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है।अदालत ने इसी तरह की अन्य याचिकाओं पर भी अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। नीरज नामक व्यक्ति के सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन के बाद, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 1978 में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड के निरीक्षण की 21 दिसंबर, 2016 को अनुमति दे दी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी 1978 में यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी।उच्च न्यायालय ने 23 जनवरी, 2017 को सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी। डीयू ने सीआईसी के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी कि उसने छात्रों की जानकारी को सुरक्षित रखा है और जनहित के अभाव में केवल जिज्ञासा के आधार पर किसी को आरटीआई कानून के तहत निजी जानकारी मांगने का अधिकार नहीं है। इससे पहले, आरटीआई आवेदकों के वकील ने इस आधार पर सीआईसी के आदेश का बचाव किया था कि आरटीआई अधिनियम में व्यापक जनहित में प्रधानमंत्री की शैक्षिक जानकारी को सार्वजनिक किए जाने का प्रावधान है।

# सीमा पार आतंकवाद समेत दुनिया की मुख्य चुनौतियों के समाधान में भारत अनिवार्य हिस्सा: राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया की मुख्य चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है-चाहे वह 'ग्लोबल नॉर्थ' और 'ग्लोबल साउथ' के बीच असमानता से उत्पन्न मुद्दे हों, सीमा पार आतंकवाद के खतरे हों या जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हों। 'ग्लोबल नॉर्थ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से विकसित और औद्योगिक देशों के लिए किया जाता है, वहीं 'ग्लोबल साउथ' का इस्तेमाल आर्थिक रूप से कम संपन्न देशों के संदर्भ में होता है। राष्ट्रपति भवन में भारतीय विदेश सेवा (2024 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति



ने उनसे वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को अपनाते हुए राष्ट्रहित सर्वोपरि को ध्यान में रखने को कहा। मुर्मू ने कहा कि उनके आसपास की दुनिया भू-राजनीतिक बदलावों, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षवाद के संदर्भ में तेज़ी से बदलाव देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी 'अमृत काल' में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए हैं-एक ऐसा समय जब भारत वैश्विक मंच पर एक अग्रणी शक्ति के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, आज भारत विश्व की मुख्य चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है-चाहे वह 'ग्लोबल नॉर्थ' और 'ग्लोबल साउथ' के बीच असमानता से उत्पन्न मुद्दे हों, सीमा पार आतंकवाद के खतरे हों या जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हों। उन्होंने कहा, हमारी आवाज का महत्व है। हमारे राजनयिकों के रूप में, आप भारत का पहला चेहरा होंगे जिसे दुनिया आपके शब्दों में, आपके कार्यों में और आपके मूल्यों में देखेगी।

# देश में 24 प्रतिशत महिलाएं, 23 प्रतिशत पुरुष और तीन प्रतिशत बच्चे अधिक वज़न या मोटापे से ग्रस्त

**नयी दिल्ली :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के अनुसार, देश में 24 प्रतिशत महिलाएं, 23 प्रतिशत पुरुष और तीन प्रतिशत बच्चे अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त पाए गए हैं। जाधव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह भी बताया कि अस्वास्थ्यकर खानपान, गतिहीन जीवनशैली और पर्यावरणीय कारक मोटापे के बढ़ते मामलों के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत में वृद्धि, शारीरिक गतिविधियों में कमी और जीवनशैली में बदलाव ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों पर असर पड़ा है। जाधव ने बताया कि सरकार ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के माध्यम से समुदाय स्तर पर 'वेलनेस' गतिविधियां और लक्षित जागरूकता अभियान चलाना, आयुष मंत्रालय द्वारा योग संबंधी गतिविधियों का संचालन, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के जरिए जागरूकता कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता देना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मेलों का आयोजन आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों द्वारा स्कूलों में स्वास्थ्य जांच और परामर्श के दौरान शिक्षकों और छात्रों को चीनी और तेल की खपत घटाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# आरेडिका में स्वच्छता अभियान 2025 के प्रथम चरण का समापन

**रायबरेली,समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में 1 से 15 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में इंजीनियरिंग विभाग ने स्वच्छता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। इस दौरान स्वच्छता शपथ, ''स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत'' थीम पर प्रभात फेरी, स्काउट एवं गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक और काव्य पाठ, स्वच्छता सेल्फी बूथ, कार्यालयों व आवासीय परिसरों में साफ-सफाई, सामूहिक श्रमदान, स्वास्थ्य शिविर, जल निकायों व



शौचालयों की सफाई जैसे विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। जन सम्पर्क विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब और पब्लिक एप-के माध्यम से इस अभियान को व्यापक रूप से प्रचारित किया। अभियान के समापन अवसर पर महाप्रबंधक ने 200 पौधे लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के प्रथम चरण का समापन किया।

# महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश से 10 लोगों की मौत, अगले 48 घंटे अहम

**मुंबई :** महाराष्ट्र के अधिकतर हिस्सों में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई लगभग थम सी गई, संपत्तियों और फसलों को नुकसान पहुंचा और सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा। मुंबई और उसके महानगरीय क्षेत्र में रेल सेवाएं और उड़ानों के प्रभावित होने के अलावा, विदर्भ क्षेत्र के गडचिरोली और मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ सहित अन्य जिलों में भारी बारिश हुई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आपदा प्रबंधन विभाग के साथ बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के बाद कहा कि अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए महत्वपूर्ण होंगे, जहां 'हाई अलर्ट' घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में बादल फटने जैसी स्थिति के कारण आई बाढ़ में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि मुंबई में लगभग 300 मिमी की रिकॉर्ड बारिश हुई। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण 12 से 14 लाख एकड़ भूमि में लगी फसलों को नुकसान हुआ है। फडणवीस ने कहा कि बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है और जल प्रबंधन के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारियों को एनडीआरएफ नियमों के अनुसार, मवेशियों की



क्षति, मकानों की क्षति और जानमाल के नुकसान के लिए प्रभावित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता देने के संबंध में निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को फसल नुकसान का मौके पर निरीक्षण करने के लिए कहा गया है। रात भर भारी बारिश जारी रहने के कारण मुंबई के निचले इलाके जलमग्न हो गए, जिससे उपनगरीय रेल सेवा प्रभावित हुई। इसके कारण बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने सभी सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी 'रेड अलर्ट' के मद्देनजर स्कूल और कॉलेज भी बंद कर दिए गए हैं।

### संसद ने खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 पारित किया

**नयी दिल्ली :** संसद ने मंगलवार को 'खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025' को मंजूरी दे दी। लोकसभा में पारित होने के बाद इसे राज्यसभा ने भी ध्वनिमत से पारित कर दिया। कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि इस विधेयक के जरिए 1957 के अधिनियम में छह संशोधन किए गए हैं। इसका उद्देश्य खनन क्षेत्र के विकास, विनियमन और देश में खनिज उत्पादन बढ़ाना है। रेड्डी ने कहा कि लिथियम, कोबाल्ट और दुर्लभ मृदा तत्व जैसे अति महत्वपूर्ण (क्रिटिकल) खनिजों की बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार 'क्रिटिकल मिनरल मिशन' के तहत कदम उठा रही है।

# विधेयक की समयसीमा पर राष्ट्रपति के परामर्श मांगने के विरोध पर न्यायालय ने पूछा, समस्या क्या है?

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूछा कि अगर राष्ट्रपति संवैधानिक व्यवस्था के तहत स्वयं परामर्श मांगते हैं कि राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति पर निश्चित समय-सीमा लागू की जा सकती है या नहीं, तो इसमें गलत क्या है। चीफ जस्टिस बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने यह प्रश्न तब उठाया, जब तमिलनाडु और केरल की सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने राष्ट्रपति के परामर्श मांगने की विचारणीयता पर ही सवाल उठाया।

पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस ए एस चंदुरकर भी शामिल हैं। पीठ ने महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू करते हुए पूछा, 'जब माननीय राष्ट्रपति स्वयं परामर्श मांग रहे हैं, तो समस्या क्या है... क्या आप सचमुच इसका विरोध करने के लिए गंभीर हैं?' पीठ ने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम परामर्शी अधिकार क्षेत्र में बैठे हैं।'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष अदालत से यह जानने का प्रयास किया था कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों द्वारा समय-सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं।


**केंद्र सरकार ने क्या दी दलील?**

केंद्र ने अपनी लिखित दलील में कहा है कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित करना, सरकार के एक अंग द्वारा ऐसा अधिकार अपने हाथ में लेना होगा, जो संविधान ने उसे प्रदान नहीं किया है और इससे 'संवैधानिक अव्यवस्था' पैदा हो सकती है।

**केरल सरकार ने अपनी दलील में क्या कहा?**

केरल सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता के. के. वेणुगोपाल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के संबंध में इसी प्रकार के प्रश्नों की व्याख्या शीर्ष अदालत पंजाब, तेलंगाना और तमिलनाडु से संबंधित मामलों में पहले ही कर चुकी है, जिसके तहत राज्यपालों के लिए राज्य के विधेयकों पर 'यथाशीघ्र' कार्रवाई करना आवश्यक होता है।

सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि



अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की शक्तियों की शीर्ष अदालत द्वारा बार-बार व्याख्या की गई है और तमिलनाडु (राज्य बनाम राज्यपाल) मामले में यह पहली बार है कि विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए कोई समय सीमा तय की गई है। उन्होंने दलील दी, 'ऐसा नहीं है कि इन मुद्दों पर निर्णय नहीं हुआ है। एक बार जब फैसले में इन विषयों को शामिल किया जा चुका है, तो राष्ट्रपति के नए सिरे से परामर्श मांगने पर विचार नहीं किया जा सकता।'

उन्होंने कहा कि भारत सरकार को राष्ट्रपति के जरिये परामर्श प्राप्त करने के लिए अनुच्छेद 143 का सहारा लेने के बजाय औपचारिक समीक्षा की मांग करनी चाहिए थी। वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति अनुच्छेद 74 के तहत मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे हैं, जिससे विवेकाधिकार की बहुत कम गुंजाइश बचती है। उन्होंने दलील दी कि वास्तव में, यह राष्ट्रपति का परामर्श मांगना नहीं, बल्कि सरकार का परामर्श मांगना है और कहा कि यह मुद्दा कई फैसलों के माध्यम से पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है।

# राधाकृष्णन को सम्मानित किया गया, प्रधानमंत्री मोदी बोले वह 'राजनीति में खेल नहीं खेलते'

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल और राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन की सादगी भरी जीवनशैली और विभिन्न पदों पर रहते हुए जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की और कहा कि राधाकृष्णन को खेलों में काफी रुचि हो सकती है लेकिन वह राजनीति में खेल नहीं खेलते। सूत्रों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक में राधाकृष्णन को सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के साथ अपने लगभग चार दशक लंबे जुड़ाव को याद किया, जो जनसंघ और फिर भाजपा में शामिल होने से पहले उनकी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक



संघ के पदाधिकारी थे। उन्होंने कहा कि वे एक-दूसरे को तब से जानते हैं जब उनके बाल काले थे। उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में उनके काम की प्रशंसा की। सूत्रों के अनुसार, एक उत्साही खिलाड़ी के रूप में राधाकृष्णन की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी खेलों में काफी रुचि है, लेकिन वे राजनीति में खेल नहीं खेलते। उनकी टिप्पणियों ने कुछ सांसदों को जगदीप धनखड़ की याद दिला दी, जिन्होंने 21 जुलाई को अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे संकेत मिले थे कि सत्तारूढ़ पार्टी के साथ उनके खराब होते संबंधों के कारण उन्हें यह पद छोड़ना पड़ा।

जय भिक्षु | अर्हम् | जय महाश्रमण

# स्मृति सभा

9.8.1931



19.8.2025

## "शासनसेवी" श्री बुद्धमल जी दुगड़

**सुपुत्र स्व. भंवरलाल जी दुगड़**
**(रतनगढ़-कोलकाता)**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय
देव-गुरु-धर्म के प्रति सर्वात्मना समर्पित, आस्थाशील, कर्मयोगी, कल्याण मित्र परिवार एवं शिष्ट-विशिष्ट परिवार के वरिष्ठ सदस्य
आदरणीय शासनसेवी श्री बुद्धमल जी दुगड़ का स्वर्गवास मंगलवार दिनांक 19 अगस्त 2025 को हो गया है।

### स्मृति सभा

बुधवार दिनांक 20 अगस्त 2025, सुबह 11.15 बजे
तेरापंथ भवन, 9ए, अणुव्रत सरणी (पद्मोपुकुर लेन), कोलकाता-700020

**शोकाकुल**

**पाना देवी दुगड़** (अनुजवधु)
**विजय सिंह बैद** (बहनोई) - **डागा परिवार** (बहन परिवार)
**सुरेन्द्र कुमार-विनीता, तुलसी कुमार-प्रतिभा, कमल कुमार-मधु दुगड़** (पुत्र-पुत्रवधू)
**राजकुमारी मणोत, शायर-श्रीनिवास बोथरा** (पुत्री-दामाद)
**राजेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार, धनराज, छत्तर सिंह, भूपेन्द्र कुमार, बिमल दुगड़** (भतीजा)
**ऋषभ-सलोनी, श्रेयांस-दीक्षा, अनन्त-मेघा, संयम-मुस्कान** (पौत्र-पौत्रवधू)
**रिचिका-मुदित सिंघी, प्रेक्षा-हर्षवर्धन कोटिया जैन** (पौत्री-दामाद) **रचिता** (पौत्री)
**हर्ष-स्मिता मणोत, रोहित-तारा मणोत** (दोहित्र-दोहित्रवधू)
**प्रियंका-रवि मणोत** (दोहित्री-दामाद) **खुशबु जैन बोथरा** (दोहित्री)
**समृद्धि, सर्वज्ञा** (प्रपोत्री) **युवान, विराज सिंघी** (प्रदोहित्र)
**एवं समस्त दुगड़ परिवार**
**ससुराल पक्षः श्री उम्मेद सिंह, कमल सिंह, अशोक कुमार रेड़ (फतेहपुर-कोलकाता)**

BMD
Sincere Service

**ग्रुप के समस्त सदस्य एवं सहकर्मीगण**

**RSPV - 97487 77799 / skdugar@bmd.net.in**

वर्ष 10, पूर्णांक 3332 अंक 142, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in